# आज होगी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की बैठक

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ छह सूत्रीय मांगों पर किया जाएगा विचार

**अमृत विचार:** जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना व सचिव इंद्रजीत सिंह गिल ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बुधवार को एसोसिएशन की बैठक गढ़ी रोड पर गोल्डेन स्क्वायर में सुबह दस बजे से होगी। बैठक में छह सूत्रीय मांगों पर प्रशासन द्वारा ध्यान न दिए जाने पर विचार किया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए अगली रणनीति बनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में डग्गामार वाहनों संचालकों की मनमानी की बाबत डीएम को ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर 30 जून तक सभी बसों के प्रपत्र एआरटीओ कार्यालय में सौंपने पर विचार किया जाएगा। साथ ही प्रपत्र सौंपने के बाद बसें किस स्थान पर खड़ी की जाएंगी, इस पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा चुनाव में लगीं बसों के बकाया भुगतान पर विचार और वर्ष 2000 से 2022 के बीच हुए चुनावों के दौरान बसों के बकाए पर भी विचार विमर्श के साथ ही इन समस्याओं के समाधान के लिए अगली रणनीति बनाई जाएगी।

# सैलानियों के लिए बंद हो गया दुधवा...14 नवंबर को खुलेगा

## इस बार देशी पर्यटक बढ़े पर विदेशी आए कम, वाहन शुल्क में कमी से घटी आय, दुधवा में लगातार बाघों की साइटिंग होने से बढ़े सैलानी

संवाददाता, पलिया कलां



दुधवा सफारी के द्वार पर ताला लगाते टाइगर रिजर्व के अधिकारी और सैलानी।



पार्क के वनमार्ग पर बैठा बाघ।

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क सैलानियों के लिए मंगलवार की शाम से बंद कर दिया गया। अब बरसात बाद 14 नवंबर को फिर सैलानियों के लिए दुधवा के द्वार खोले जाएंगे। अंतिम दिन देशी सैलानियों की भीड़ ज्यादा दिखाई दी। जंगल भ्रमण के दौरान सैलानियों ने हिरन, गैंडा, भालू और हाथियों के झुंड का दीदार किया। इस बार जहां देशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी तो वहीं विदेशी सैलानी कम आए।

अपर प्रधान वनसंरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने मंगलवार को यहां आए पर्यटकों को अलविदा कह एवं अधीनस्थों के साथ बैठक करने के उपरांत पर्यटन सत्र का समापन किया। बता दें, दुधवा नेशनल पार्क हर वर्ष 14 नवंबर को पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जाता है और 15 जून को बंद कर दिया जाता है, लेकिन इस बार वर्षाकाल विलंब से शुरू होने एवं दुधवा की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सत्र 25 जून तक बढ़ा दिया गया था। सैलानियों ने इसका भरपूर आनंद उठाया और यहां स्वच्छंद विचरण कर रहे बाघों, तेंदुओं, हाथियों, गैंडों, बारहसिंघों सहित अन्य जंगली जानवरों का सपरिवार खूब दीदार कर भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने यहां समूचे विश्व में अत्यंत कम संख्या में शेष बचे दुर्लभ वन्य जंतु ही केवल नहीं देखे, बल्कि यहां के जलप्लावित नदी-नाले, पोखर, विस्तृत ग्रास लैंड, गगनचुंबी साल, सागौन, शीशम, गूलर, खैर, कदंब, जामुन आदि पेड़ों पर बैठे रंग-बिरंगे प्रवासी-अप्रवासी पक्षियों, झाड़ियां झुरमुटों व यहां उगी विभिन्न लंबी-छोटी घासों और वन्य जीव- जंतुओं को निहारकर वे गदगद भी हुए।

### अच्छा रहा वर्तमान पर्यटन सत्र

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि पिछले कई पर्यटन सत्रों की तुलना में यह पर्यटन सत्र अच्छा रहा। इस बार पर्यटकों की अधिक आमद रही। हालांकि प्रवेश शुल्क व वाहन शुल्क आदि में की गई कमी व मंगलवार की बंदी से आय मामूली घट गई। इस सत्र में 51011 भारतीय व 334 विदेशी पर्यटक घूमने आए, वहीं पिछले पर्यटन सत्र में 26,730 भारतीय व 1601 विदेशी पर्यटक यहां घूमने आए थे। दुधवा को पिछले सत्र में जहां एक करोड़ 45 लाख 16 हजार एक सौ 27 रुपयों की आय हुई थी, वहीं इस बार यह घटकर एक करोड़ 39 लाख 73 हजार दो सौ 40 रुपये रह गई।

### घटी दरों से सैलानियों की संख्या में हुआ इजाफा

इस पर्यटन सत्र में प्रारंभ से ही इंट्री फीस 300 रुपये की जगह 150 रुपये कर देने, जंगल सफारी 600 रुपये की जगह 300 रुपये करने और हाथी रायडिंग 2000 रुपये की जगह 1200 रुपये करने से दुधवा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी पाई गई।

# शहर में उमस, मोहम्मदी में बारिश से लबालब हुईं सड़कें

## नगर पालिका की सफाई व्यवस्था के दावों की खुली पोल, सड़कों पर पानी भरने से कस्बावासियों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी- मोहम्मदी



बारिश से मोहम्मदी की सड़कों पर भरा पानी। अमृत विचार



सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर निकलते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में बादलों की आवाजाही के बीच निकली धूप से हुई उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया तो वहीं मोहम्मदी एवं अमीरनगर में दोपहर के समय झमाझम बरसात हुई। मानसून की पहली बारिश ने मोहम्मदी कस्बावासियों को जहां गर्मी से निजात दिलाई तो वहीं सड़कों पर घुटनों तक जलभराव ने नगर पालिका प्रशासन के नालों की तलीझाड़ सफाई के दावों की पोल खोल दी। मोहम्मदी में मंगलवार को करीब 16.5 मिमी बारिश हुई। वहीं, शहर में दिन का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मंगलवार को भले ही जिलेवासियों को दिन भर उमस बेहाल करती रही हो, लेकिन मोहम्मदी और अमीरनगर आदि में झमाझम बारिश ने कस्बावासियों को गर्मी से निजात दिला दी। कस्बे में जगह-जगह नाले नालियां चोक होने के सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। आधे घंटे हुए मूसलाधार बरसात से नालियों की गंदगी सड़कों पर बहने लगी। वहीं निचले इलाकों में नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों तक में घुस गया। इससे कस्बावासियों को काफी परेशानी हुई और वह नगरपालिका को कोसते नजर आए।

### अगर होती सफाई तो घंटों न रहता जलभराव

जलभराव के मामले में पालिकाध्यक्ष चोक नालों से लेकर इन पर अतिक्रमण होना बताकर भले ही अपना पल्ला झाड़ ले रहे हों, लेकिन हकीकत यह है कि न तो नालों की नियमित सफाई होती है और न ही मानसून आने से पहले तलीझाड़। यही वजह है कि बरसात के दौरान कस्बावासियों को सड़कों पर घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। मंगलवार को बारिश खत्म होने के बाद सड़कों शाम तक गंदा पानी भरा रहा।

### दुकानों से लेकर घरों तक में घुसा गंदा पानी

कस्बे में बारिश के दौरान कई घरों व दुकानों में भी घुस आया। बरसात होने से नगर की तमाम सड़कों व नालियों पर अतिक्रमण के चलते जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। कस्बावासियों को बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाना पालिका प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। इसका खामियाजा कस्बे के लोगों को हर साल भुगतना पड़ता है।

### पालिकाध्यक्ष ने स्वीकारा चोक हैं नालियां

नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया ने स्वीकार किया है कि कस्बे के नाला चोक हैं, जिनकी सफाई कराई जा रही है। उधर, इलाहाबाद बैंक के पास लोगों ने नाले नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है। इसकी वजह से सफाई नहीं हो पाती, इसलिए जलभराव की समस्या हुई है।

### शुक्लापुर मोहल्ले की दुकानों में घुसा गंदा पानी



कस्बे के मोहल्ला शुक्लापुर जाने वाली सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया है। जबकि यही सड़क गुरुद्वारा और मंदिर तक के लिए मुख्य है। सफाई के अभाव में आधे घंटे की बारिश में ही गली लबालब हो गई। हालत यह हो गई कि दुकानों से लेकर लोगों के घरों तक में गंदा पानी घुस गया।

# अवैध तरीके से संचालित 6 अस्पताल को किया सील

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई के लिए सीएमओ द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ. निशांत गुप्ता ने ब्लाक क्षेत्र में छह अवैध अस्पताल सीज किए हैं।

जंगबहादुरगंज बाईपास पर संचालित शाहिद फार्मा क्लीनिक में दो मरीज भर्ती मिले, लेकिन न पंजीकरण मिला और न डाक्टर। नोडल टीम ने दोनों मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जेबी गंज से सटे बरखेरियाजाट में संचालित लखनऊ क्लीनिक पर पंजीकरण के अभिलेख नहीं मिले। यहीं पर अमित कुमार कनौजिया के नर्सिंग होम में बोर्ड, डाक्टर और पंजीकरण नहीं मिला। इसके अलावा नोडल अधिकारीआत ने बताया कि शमशेर मोहम्मद के मेडिकल स्टोर की जांच की गई, अभिलेख पूर्ण मिले। मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाएं नहीं मिली और कोई भी मरीज भर्ती नहीं हो। नोडल अधिकारी को मैगलगंज में यादव पाली क्लीनिक का न पंजीकरण मिला और न डाक्टर जबकि ओपीडी और मेडिकल स्टोर संचालित मिला। यहां पारस हास्पिटल का भी न पंजीकरण मिला और न पात्र चिकित्सक मिला। नोडल अधिकारी ने बताया कि जहांन नगर पेट्रोल पंप के पास संचालित एक क्लीनिक का भी पंजीकरण नहीं मिला और न चिकित्सक जबकि चार बेड मिले। ये सभी क्लीनिक सीज कर दिया गए हैं। इसके अलावा बरखेरिया जाट में शमशेर मोहम्मद के मेडिकल स्टोर की जांच की गई जहां अभिलेख पूर्ण मिले और मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाएं भी नहीं मिलीं।

# बस अड्डे पर तैनात दो गार्ड व संविदा चालक बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**मोहम्मदी बस स्टेशन**

▸▸ रोडवेज बस स्टेशन से रात 12 बजे के बाद गायब हो गई थी निगम की बस

▸▸ शाहजहांपुर जिले में रोडवेज बस स्टेशन के वर्कशॉप के सामने मिली थी खड़ी



मोहम्मदी स्थित रोडवेज बस स्टेशन।

**अमृत विचार:** परिवहन निगम के बस स्टेशन मोहम्मदी से गायब निगम की बस के मामले में बस अड्डे पर तैनात दो गार्ड के साथ उस दिन बस पर ड्यूटी कर रहे संविदा चालक को बर्खास्त कर दिया है। जबकि स्टेशन प्रभारी मुख्तार अहमद को मोहम्मदी से हटाकर गोला पर तैनाती दी गई है। एआरएम का कहना है कि जांच अभी चल रही है। कुछ और लोगों पर भी गाज गिर सकती है।

15 जून की रात गोला डिपो की निगम बस मोहम्मदी बस स्टेशन पर खड़ी थी। सुबह बस अड्डा पहुंचे संविदा चालक परिचालक बस वहां पर न पाकर सकते में आ गए। दोनों ने इसकी सूचना गोला और मोहम्मदी बस अड्डे के केंद्र प्रभारियों को दी। मोहम्मदी बस स्टेशन से परिवहन निगम की बस के गायब होने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। इससे गोला डिपो से लेकर रोडवेज के हरदोई रीजन से लखनऊ मुख्यालय तक हड़कंप मच गया। हालांकि बस शाहजहांपुर डिपो के वर्कशाप के सामने सही सलामत खड़ी मिलने पर विभागीय लोगों की जान में जान आई। बस अड्डे पर गार्ड तैनात होने के बावजूद बस गायब होने के मामले में गार्ड से लेकर बस के चालक परिचालक की बड़ी लापरवाही सामने आने पर एआरएम ने कड़ी कार्रवाई की है। बस स्टेशन पर तैनात दोनो गार्ड सहित चालक को नौकरी से निकाल दिया गया है। वहीं मोहम्मदी बस स्टेशन इंचार्ज मुख्तार अहमद को मोहम्मदी से हटाकर गोला तैनात किया गया है।

**यह था प्रकरण :** गोला से एक बस मोहम्मदी में रात ठहरकर सुबह करीब साढ़े छह बजे लखनऊ जाती है। रोजाना की तरह 14 जून को संविदा परिचालक अमित कुमार सिंह और परिचालक आरिफ खां बस लेकर मोहम्मदी पहुंचे। बताते हैं कि मोहम्मदी बस स्टेशन पर गार्ड के सहारे बस खड़ी कर चालक परिचालक गायब हो गए। उधर, गार्ड भी ड्यूटी करने के बजाय मच्छरदानी में सोता रहा। रात 12 बजे के बाद बस अड्डे पर पहुंचा एक युवक बस लेकर शाहजहांपर चला गया। 15 जून की सुबह बस अड्डे पर बस न पाकर और गार्ड द्वारा अनभिज्ञता जताने पर चालक परिचालक के होश उड़ गए। नियमानुसार चालक परिचालक को रात में ठहराव के दौरान बस में ही रूकना होता है। इसके लिए निगम से नाइट भत्ता तक दिया जाता है।

> जांच में गार्ड से लेकर चालक परिचालक की लापरवाही उजागर हुई है। हालांकि परिचालक कोई जरूर काम पड़ने की वजह से बताकर गया था। मगर, ड्यूटी करने की बजाय गार्ड रात भर मच्छरदानी में सोता रहा। नियमित चालक को बस छोड़कर नहीं जाना चाहिए था। इस पर दोनो गार्ड को बर्खास्त कर चालक की संविदा समाप्त कर दी गई है। फिलहाल जांच अभी चल रही है।
>
> –महेश चंद्र कमल, एआरएम– गोला डिपो

# दरोगा थप्पड़ कांडः रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दरोगा का हो निलंबन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



एसपी से मिलने के बाद कार्यालय के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा विधायक व जिलाध्यक्ष।

▸▸ एसपी से मिलकर भाजपा जिलाध्यक्ष और विधायक ने उठाई मांग

**अमृत विचार:** भाजपा नगर महामंत्री को थप्पड़ मारे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष, मोहम्मदी विधायक आदि भाजपा नेता पीड़ित नगर महामंत्री के साथ एसपी से मिले और आरोपी दरोगा व सिपाहियों को निलंबित करने और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। भाजपा नेताओं ने दो टूक कहा कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे।

बता दें कि रविवार की देर रात मेला मैदान चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ता का किसी से विवाद हो गया था। मौके पर पहुंचे भाजपा नगर महामंत्री सूर्य प्रकाश मिश्र की इस दौरान दरोगा से झड़प हो गई थी। आरोप है कि इससे नाराज दरोगा ने भाजपा नगर महामंत्री को थप्पड़ जड़ दिए थे। इतना ही नहीं सिपाहियों ने भी उनके साथ मारपीट की थी और सरकारी गाड़ी में डालकर कोतवाली सदर ले आए थे। इससे भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया था। इस पर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आरोपी दरोगा दरोगा अब्दुल आलम खान को लाइन हाजिर कर दिया था। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भाजपा मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह तमाम पदाधिकारीयों और पीड़ित भाजपा नगर महामंत्री के साथ एसपी गणेश प्रसाद साहा से मिले। उन्होंने एसपी से घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि आरोपी दरोगा को निलंबित किया जाए। दरोगा समेत आरोपी सभी सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर प्रशासन इसमें लापरवाही करता है तो कार्यकर्ता सड़क पर उतरने को विवश होगा। एसपी ने जांच कराकर कारवाई का आश्वासन दिया है। एसपी ने बताया कि भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल आकर उनसे मिला था। प्रकरण की जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# पांच छात्रों का कृषि विश्वविद्यालय में चयन



मिठाई खाते चयनित छात्र। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 के घोषित परिणाम में नगर की उन्नकिसेस कृषि संस्थान के पांच छात्रों का कृषि विश्व विद्यालय में प्रवेश होने पर संस्थान के अध्यक्ष ने छात्रों को मिठाई खिलाई। नगर की उन्नकिसेस कृषि संस्थान के छात्र शुभ शुक्ला, प्रांजल, अभय, रचित एवं प्रिंस का चयन हुआ है। शुभ शुक्ला को प्रदेश में 564 वीं रैंक मिली है। इन पांचों छात्रों का चयन होने पर संस्थान के संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया, अध्यक्ष कृष्णा सिंह भदौरिया, गीता भदौरिया, अनुपम वर्मा, अमित मिश्रा आदि ने सफल छात्रों को संस्थान पर मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

# आबकारी और मैलानी पुलिस ने नष्ट किया लहन, आरोपी भागे

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** कस्बे में आबकारी और मैलानी की संयुक्त पुलिस ने छापा मारकर पांच हजार लीटर कच्ची शराब का लहन नष्ट कर दिया। पुलिस को देखकर कच्ची शराब बनाने और बेचने वाले भाग गए।

मंगलवार को मैलानी थाना क्षेत्र के हल्का नंबर चार में आबकारी टीम व पुलिस गांवों में कच्ची शराब बनाने के उपकरण व कच्ची शराब बनाने के लिए पांच हजार लीटर लहन नष्ट कर दिया। कच्ची शराब बनाने वाला एक भी अभियुक्त पुलिस के हाथ नहीं लगा। जहरीली कच्ची शराब पीने से नई पीढ़ी तो बर्बाद हो ही रही हैं साथ ही कई लोग जान भी गंवा चुके हैं। फिर भी कच्ची शराब बनाने, बेचने का धंधा चरम पर है, जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम दिख रही है।

**हल्का चार में दो एस आई तैनात, फिरभी अंकुश नहीं :** हल्का नंबर चार में दो एसआई ऐके तिवारी और प्रेमचंद की तैनाती है। इसके बावजूद कच्ची शराब बनाने और बचने वालों का धंधा जोरों पर है। आबकारी और पुलिस टीम की छापामार कार्रवाई के बाद भी किसी को न पकड़ पाने से दोनों की भूमिका सवालों में है।

## सार-संक्षेप

### शाखा प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप, पुलिस से शिकायत

**संवाददाता, महंगापुर/संपूर्णानगर। अमृत विचार :** संपूर्णानगर स्थित बैंक में खाते से भुगतान निकालने के लिए दो सप्ताह से दौड़ रही महिला खाता धारक ने मैनेजर पर अभद्रता का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रबंधक ने उसकी पासबुक सहित विड्राल कागज उठाकर साइड में फेंक दिए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम परसपुर निवासी कोकिला पत्नी गुरदयाल संपूर्णानगर कस्बे में स्थित बैंक में अपने खाते से गन्ने का भुगतान निकालने के लिए 10 जून से दौड़ रही थी। सोमवार को भी पैसे न देने व शाखा प्रबंधक द्वारा उसकी पास बुक सहित विड्राल साइड में फेंक कर अभद्रता करने पर वह झल्ला गई और उसने पुलिस को तहरीर दे कार्यवाई की मांग की है। इस बाबत हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक राम सुमेर साहनी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर स्टाफ को भेजा गया था। सीसीटीवी फुटेज आदि खंगालने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नवागत कोतवाल ने कार्यभार संभाला

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी के तबादले बाद नवागत कोतवाली इंद्रजीत सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वह इससे पहले गोला कोतवाल थे। उन्होंने कार्यभार संभालते ही अधीनस्थों की बैठक कर परिचय लेने के साथ कोतवाली क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। साथ ही पीड़ितों को सुनवाई और सुरक्षा की प्राथमिकता बताई।

### बीमा ग्राहक सेवा केंद्र पर किस्त जमा करें

**संवाददाता, भीरा। अमृत विचार :** भारतीय जीवन बीमा निगम की किस्त जमा करने की सुविधा यहां खुले विभाग के ग्राहक सेवा केंद्र पर उपलब्ध हो गई है ,जिससे अब बीमा पॉलिसी धारकों को पलिया अथवा गोला कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ग्राहक सेवा केंद्र अभिकर्ता सीएम क्लब सदस्य जेपी मिश्रा ने यह जानकारी दी।

### अचानक तबियत बिगड़ने से मौत

**संवाददाता, उचौलिया, अमृत विचार :** क्षेत्र में एक ढाबे पर काम करने वाले की अचानक तबियत बिगड़ते ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम बरनैया निवासी भारत (50) पुत्र रामलाल एक ढाबे पर खाना बनाने का काम करता था। वह अविवाहित था। सोमवार की रात को अचानक उसकी तबियत बिगड़ी। उसे तुरंत सीएचसी पसगवां ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो चुकी थी। हार्ट अटैक का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मानसून आने से पहले ही रास्तों पर भरा पानी

**संवाददाता, मितौली। अमृत विचार :** ग्राम पंचायत परसेहरा में बरसात होने के पूर्व ही रास्तों पर जलभराव जैसी स्थिति बनी हुई है। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने अभी तक उस रास्ते की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रास्ते पर अंजनी मिश्रा, शिवसागर गुप्ता व प्रेम कुमार के घरों का पानी भर जाता है। यहां के निवासी बृजेंद्र कुमार दीक्षित ने कई बार प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर निवर्तमान खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडे ने मौका भी देखा, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में रोष है।

### पालिकाध्यक्ष ने देखा नाले का सफाई कार्य



नाले के सफाई कार्य को देखते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** बारिश की संभावना को देख पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने नाले–नालियों की सफाई के कार्य को तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मंगलवार को नाले के सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि बारिश में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए वह प्रयासरत हैं।

### नगर पंचायत उप चुनावः एक सीट पर छह उम्मीदवार

**संवाददाता, खीरी टाउन, अमृत विचार :** नगर पंचायत खीरी में साल 2023 में निकाय चुनाव में मोहल्ला शेख सराय उत्तरी से शाजिया बानो ने 315 वोट पाकर जीत हासिल की थी। मगर, पांच फरवरी 2024 को हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। इस पर अब मोहल्ला शेख सराय उत्तरी में सभासद पद पर उपचुनाव होना है। इसके लिए छह महिला उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। सोमवार को जांच में सभी नामांकन वैध मिले। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव को लेकर जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 22 जून और नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन 27 जून को होगा और मतदान आठ जुलाई को होगा। मतगणना 10 जुलाई को होगी।

### बसरी वॉरियर्स ने पैंथर क्लब को 29 रन से हराया

**संवाददाता, खीरी टाउन खीरी, अमृत विचार :** शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन–4 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बसरी वॉरियर्स और पैंथर क्लब के बीच हुआ। इसमें बसहरी वॉरियर्स ने 29 रनों से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। पैंथर क्लब के कप्तान लिटिल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बसरी वॉरियर्स के हरीश ने 29 और रैना ने 19 रन बनाए। इसी तरह श्रेयश बाजपेई ने 50, अमन ने 36 रन बनाए। बसरी वॉरियर्स टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 151 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। उधर, लक्ष्य का पीछा करने उतरे पैंथर क्लब के खिलाड़ी हसीन आठ और शमशाद 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सचिन ने 31 और आदित्य ने 31 रन बनाएं। इस तरह पैंथर क्लब निर्धारित 12 ओवर में नौ विकेट खोकर 122 रन ही बना सका। मुख्य अतिथि डॉ. आदिल ने मैन ऑफ द मैच रहे श्रेयश बाजपेई को सम्मानित किया।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः– किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भाजपा ने काला दिवस मनाकर लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

## उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा-कांग्रेस ने सबसे ज्यादा संविधान का किया दुरुपयोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



काला दिवस कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए लोकतंत्र सेनानी और मौजूद उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विधायक व जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचारः** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी में मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान उन्होंने मोहम्मदी विधायक व विधानसभा प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के साथ आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 को देश पर इमरजेंसी ठोंक कर कांग्रेस ने संविधान का मखौल उड़ाया था और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर दमन चक्र चलाया था। भाजपा इसे लोकतंत्र का काला धब्बा मानते हुए आज काला दिवस के रूप में पूरे देश में मना रही है। उन्होंने कहा कि संविधान का सबसे ज्यादा दुरुपयोग कांग्रेस की सरकारों ने किया है, जबकि आज कांग्रेस व इंडी गठबंधन संविधान बचाने का स्वांग कर रही है। भाजपा संविधान का पूरा सम्मान करती है और संविधान के बताए हुए रास्ते पर चलकर देश एवं प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने आपातकाल में बंद लोकतंत्र सेनानियों को माला पहनकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। वहीं प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, संविधान बढ़ाने का नाटक करने वाले लोगों को जनता जान रही है कि इन्होंने ही देश में इमरजेंसी लगाकर मौलिक अधिकार निरस्त कर लोगों का दमन चक्र किया। नगर पालिका अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि काला दिवस का उद्देश्य है जनता को अतीत में कांग्रेस द्वारा किए गए संविधान विरोधिकृतियों को उजागर करना। आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार किए गए थे। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान चले तमन चक्र को कौन भूल सकता है। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, जिला मंत्री दुर्गेश नंदन पांडे, उमेश शुक्ला, राम जी दीक्षित, संतोष कुमारी, रमेश चंद्र मिश्र, जिला प्रवक्ता सौरभ त्रिवेदी, निष्कर्ष मिश्रा आदि ने संबोधित किया।

# खाई में पलटा ट्रक, एक की मौत, चार घायल

संवाददाता, उचौलिया

▸▸ लाडी को फिर ट्रक के पास मौत खींच लाई

**अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर खाई में पलटे ट्रक पर मंगलवार की सुबह एक ट्रक और पलट गया, जिसमें घायल ट्रक सवार की इलाज दौरान मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। बताते हैं कि मृतक लाडी सिंह एक दिन पहले पलटे ट्रक में सवार होने के कारण घायल हो गया था, जिसे सीएचसी भेजा गया था। वह इलाज के बाद फिर अपने साथियों के साथ पलटे ट्रक की बॉडी पर सो गया और अगले दिन पलटे दूसरे ट्रक के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। इस तरह उसे मौत ही अस्पताल से दोबारा यहां खींच लाई थी।

थाना क्षेत्र में हाईवे पर ग्राम जलालपुर के पास सोमवार को कबाड़ लादकर लखनऊ से पंजाब जा रहे शहर के पप्पू सिंह पुत्र सुखदेव सिंह का ट्रक एक पशु को बचाने के चक्कर मे खाई में पलट गया था। इसमें बैठे मोगा शहर पंजाब के अर्शदीप सिंह पुत्र इकबाल सिंह, मोहम्मद मुमताज पुत्र मोहम्मद मोईन व लाडी पुत्र जितेंद्र सिंह को मामूली चोटे आई थीं। घटना के बाद पुलिस ने इन्हें सीएचसी पसगवां भेज दिया, जहां प्राथमिक इलाज कराकर ये तीनों वापस अपने ट्रक के पास आ गए। इसी बीच मंगलवार की अल सुबह सीतापुर की तरफ से आ रहा एक ट्रक ठीक इनके ऊपर पलट गया। सूचना पर आसपास के लोग दौड़े और पुलिस भी पहुंची। किसी तरह इन तीनों को निकाला गया और सीएचसी पसगवां भेजा गया, जहां लाडी सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दोनों घायल के अलावा मंगलवार को पलटे ट्रक पर सवार हापुड़ जिले के अनूपनगर निवासी राशिद और मुईद भी घायल हो गए। अन्य घायलों को शाहजहांपुर भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### अधूरे कार्य पूर्ण कराए जाने को बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



बीडीओ पलिया को ज्ञापन सौंपते क्षेत्र पंचायत सदस्य सिंगाही आदि।

**संवाददाता, संपूर्णानगर। अमृत विचार :** ब्लाक पलिया की ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द निवासी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश शर्मा सहित कई अन्य लोग मंगलवार को बीडीओ पलिया संगीता यादव से मिले और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शर्मा ने सिंगाही खुर्द के वार्ड संख्या 8 टीचर कालोनी में अधूरी पड़ी नाली व इंटरलॉकिंग कार्य को पूर्ण कराए जाने की मांग रखी। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कस्बे के राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी के घर से पब्लिक इंटर कॉलेज के गेट तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के अधूरे कार्य को पूर्ण कराए जाने की मांग रखी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण बिकाऊ प्रसाद व धर्मेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे। शर्मा ने बातचीत के दौरान सिंगाही खुर्द व कस्बा संपूर्णानगर में सफाई व्यवस्था की बदहाली बताते हुए कहा कि ग्राम के विभिन्न वार्डों की नालियां सप्ताहों से चोक पड़ी हैं। कोई देखने वाला नहीं है। जिम्मेदार अधिकारियों से काफी-कुछ कहकर मिल मार्ग स्थित नालियों की सफाई कराई जा रही है। ब्लाक से दस सफाई कर्मी और मांगे गए हैं।

### भूमि कब्जा मुक्त कराने के लिए धरना शुरू



नसीरुद्दीन मौजी मैदान में धरने पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** मोहम्मदी तहसील के गांव मूड़ा गालिब में तालाब से लेकर लेखपाल भवन भूमि से लेकर सार्वजनिक रास्ते पर लोगों ने कब्जा कर लिया। इनको कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने नसिरुद्दीन मौजी मैदान में धरना शुरू कर दिया है। मूड़ा गालिब निवासी आदेश जोशी ने बताया कि तालाब से लेकर लेखपाल भवन भूमि व रास्ते को कब्जा मुक्त कराने के लिए तहसीलदार आदेश कर चुके हैं। मगर, अभी तक इसका पालन नहीं हो सका है। जबकि अतिक्रमण करने वाले अजय गुप्ता आदि ने बचाव के लिए डीएम न्यायालय में अपील की थी, जिसे खारिज किया जा चुका है। इसी तरह लखनऊ में की गई अपील भी सात मार्च 2024 को खारिज हो चुकी है। इस संबंध में आनॅलाइन शिकायत करने पर न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी खीरी में अपील विचाराधीन होना बताकर शिकायत निस्तारित कर दी गई है। इस क्रम में न्यायालय तहसीदार मोहम्मदी का आदेश सुरक्षित एंव प्रभावी है। उन्होंने बताया कि जब तक भूमि कब्जा मुक्त नहीं हो जाती तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। धरने पर हरीराम, संजीत कुमार, लालबहादुर, राम सहाय, दिनेश पाल, संतोष कुमार, जमुना प्रसाद आदि बैठे हैं।

### डॉ. विकास चौरसिया बने एबीवीपी के जिला प्रमुख



**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के प्रांत अभ्यास वर्ग 12 सत्र में डॉ विकास चौरसिया को जिला प्रमुख, आशुतोष कुमार को जिला संयोजक, आशुतोष मिश्र को जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत की अध्यक्ष प्रोफेसर नीतू सिंह ने जिले के प्रमुख दायित्वधारियों की घोषणा की, जिसमें जिला प्रमुख के दायित्व पर डॉ विकास चौरसिया, जिला संयोजक आशुतोष कुमार, जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा को नियुक्त किया गया। विद्यार्थी परिषद गोला जिले की इकाई में नवीन दायित्वधारियों की घोषणा से कार्यकर्ताओं में खुशी है।

### छठ घाट का सौंदर्यीकरण एवं सफाई कर्मी की तैनाती की मांग

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** कस्बा संपूर्णानगर के सामाजिक संगठन ने बीडीओ को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द में सफाई कर्मियों की तैनाती करने, छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराने और साप्ताहिक बाजार के लिए जगह चिन्हित करने की मांग की है। समिति के आलोक सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द की नालियां गंदी है। ग्राम पंचायत में 15 वार्ड है, लेकिन सफाई कर्मियों एक भी नहीं है। इससे नालियां चोक रहने से उनमें जलभराव रहता है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की तैनाती कराने से लेकर छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराने, जिसके तहत खाली जगह पर सीढ़ियां एवं घाट बनवाने के साथ साप्ताहिक बाजार के लिए ग्राम पंचायत में जगह चिन्हित कर हाट बाजार लगवाने की मांग कर ज्ञापन दिया है। इस पर बीडीओ संगीता यादव ने हाट बाजार के लिए एसडीएम से जगह दिलाने से लेकर अन्य मांगों का जल्द से जल्द से निराकरण कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर समिति के पवन राज, हर्षित त्रिवेदी, बीडीसी महासंघ अध्यक्ष अब्बास, सिंगाही खुर्द क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश शर्मा, बिकाऊ प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### खुले स्कूल, व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने पहुंचे शिक्षक

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** मंगलवार को बेसिक शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म हो गया। मंगलवार को निर्धारित समय पर शिक्षकों ने स्कूल पहुंचकर साफ सफाई कराने के साथ व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में लगे रहे। जिले में बेसिक विद्यालयों की संख्या 3106 है। इनमें कक्षा एक से पांच तक के 1973, एक से आठ तक के 727 और छह से आठ तक के 406 विद्यालय हैं। इन सभी स्कूलों में पांच लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होने के बाद 20 मई को ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया था। तब से विद्यालय बंद है। शासन ने 28 जून से स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। शासनादेश के तहत मंगलवार महाराज नगर पहुंची इंचार्ज प्रधानाध्यापक आरती चोपड़ा ने दस्तावेज दुरूस्त करने में लगी रही।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** नगर की मोहम्मदी रोड जामा मस्जिद के सामने वार्ड नंबर पांच में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते गमछे से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना का कारण परिजन भी नहीं बता सके।



मानवेंद्र सिंह। (फाइल फोटो)

नगर के वार्ड नंबर पांच मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी मानवेन्द्र सिंह (35) पुत्र सुशील सिंह रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। उसने कमरे के ही अटैच बाथरूम के दरवाजे से गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार उन्हें घटना की सूचना किसी पडोसी ज्वेलर्स ने दी थी। परिवारीजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र पांडे ने बताया की घटना के कारणों का पता नहीं चला है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला प्रधान ने सचिव पर लगाए अनियमितताओं के आरोप

संवाददाता, पसगवां

▸▸ सचिव ने आवास के लिए विधवा से मांगे पैसे

**अमृत विचारः** विकास खंड की ग्राम पंचायत मुल्लापुर की प्रधान सविता मिश्रा और सचिव कौशल किशोर के मध्य तालमेल डगमगाने से विकास कार्य प्रभावित होने लगे हैं। इसी कड़ी में सचिव पर आवास आवंटन में एक विधवा से पैसे मांगने के आरोप का ताजा मामला भी सामने आया है।

महिला सीट पर अपनी प्रधानी स्वयं ही करने वाली प्रधान सविता मिश्रा का कहना है कि सचिव गांव में बने पंचायत भवन में रोस्टर के मुताबिक नहीं बैठते हैं, जिस कारण ग्रामीणों को जन्म, मृत्यु, निवास आदि प्रमाणपत्रों व परिवार रजिस्टर के लिए ब्लाक मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार वह ब्लाक पर नहीं मिल पाते हैं। प्रधान बताती हैं कि सचिव न तो ग्राम पंचायत की जनता और न ही उनकी बात सुनते हैं। गांव में होने वाले विकास कार्यों के भुगतान में टालमटोली करते हैं। कभी अभिलेख दर्ज न होना तो कभी सर्वर की दिक्कत बताते हैं। जबकि उसी दौरान ब्लाक की अन्य ग्राम पंचायतों में भुगतान हो जाता है। प्रधान का बड़ा आरोप यह है कि किसी भी कार्य के भुगतान से पहले उन्हें अपना हिस्सा चाहिए होता है। जो न देने पर भुगतान लटका देते हैं। बताया कि कई कार्यों का भुगतान मजबूरन प्रधान द्वारा निजी खर्ज से किया जा चुका है। सचिव की अनियमितताओं को लेकर कई बार खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को भी अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

**आवास देने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप**

गांव निवासी विधवा शिवानी पत्नी सुरजीत ने सचिव कौशल किशोर पर आरोप लगाया है कि उनको आवास देने के लिए सचिव ने पांच हजार रुपये की मांग की है और रुपये न देने पर उसे अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। इस आरोप की पुष्टि ग्राम प्रधान ने भी की है और वह इससे काफी क्षुब्ध हैं।

"सभी आरोप निराधार है। गांव में 16 आवेदनों की जांच की गई, जिसमें दो लोग ही पात्रता की श्रेणी में मिले हैं। किसी के दबाव में आवास आवंटित नहीं किए जाएंगे। महिला का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है।"

-कौशल किशोर, सचिव

"सचिव पर लगाए गए आरोपों और महिला के आवास की पात्रता को लेकर जांच के लिए टीम का गठन किया जाएगा। जांच रिपोर्ट में पात्र मिलने पर महिला को आवास दिया जाएगा। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।"

-मोहित कौशिक, बीडीओ- पसगवां।

# मिट्टी भरी पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज

संवाददाता, मैलानी।



मैलानी में सीज खड़ी ट्रैक्टर ट्रालियां। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कसबा थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए खनन इंस्पेक्टर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिट्टी भरी पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर सीज किया है, जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

मैलानी थाना क्षेत्र के हल्का नंबर चार में रात के अंधेरे में जेसीबी से खनन माफिया धड़ल्ले से उपजाऊ जमीन को खोखला कर धरती मां का सीना चीरने में जुटे हैं। संबंधित अधिकारी गुलाबी कागजों में चूर सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर वही रटा रटाया जवाब हमें जानकारी नहीं है, अभी दिखवाता हूं कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इसी वजह से खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी खनन कर रहे हैं। मैलानी थाना क्षेत्र के चौकी संसारपुर में भरिगवां गांव में अवैध तरीके से हो रहे मिट्टी खनन को खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह, थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ सुबह पांच बजे पहुंच कर देखा तो अवैध तरीके से मिट्टी खनन का कार्य जोरों से हो रहा था। पुलिस ने मिट्टी से भरी पांच ट्रैक्टर ट्रालियों यूपी 79 जे 5821 चालक हर्देश पुत्र छत्रपाल निवासी खुटार (शहजहांपुर), यूपी 27 बीएम 7671 चालक अनवर पुत्र अजमुद्दीन निवासी बांकेगंज थाना मैलानी (लखीमपुर), यूपी 27 बीएम 2316 चालक हरप्रीत सिंह पुत्र मान सिंह निवासी मंडनपुर (शाहजहांपुर), यूपी 31 बीयू 4882 चालक सार्थक सिंह पुत्र ओमवीर निवासी मलिका (शाहजहांपुर), यूपी 27 बीएम 2316 को पकड़ कर मैलानी थाने पहुंचाकर पांचो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज किया गया। थाना मैलानी क्षेत्र के हल्का नंबर 4 में अवैध मिट्टी खनन आए दिन जोरों शोरों से चल रहा है। इस क्षेत्र में ईंट भट्ठे अधिक होने के कारण मिट्टी का अवैध खनन आए दिन होता रहता है। बताते हैं कि अवैध खनन मैलानी पुलिस वह इससे संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से होता है।

**एसपी ने परसपुर पुलिस चौकी व इंडो नेपाल बॉर्डर का किया निरीक्षण**

**संवाददाता, महंगापुर, अमृत विचार :** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संपूर्णानगर कोतवाली की परसपुर चौकी का औचक निरीक्षण किया। चौकी परिसर व वहां की व्यवस्था की जानकारी चौकी प्रभारी साहब लाल से ली। पुलिस कर्मियों की समस्याओं को जाना। ऑपरेशन कवच योजना के तहत सीओ पलिया यादवेंद्र यादव, संपूर्णानगर थाना प्रभारी निराला कुमार, एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट सुमेर नगर, सुमेर नगर वन दरोगा के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर के कैमा ब्रिज घोला बैरियर का निरीक्षण किया। राहगीरों की चेकिंग की। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

# हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**पलिया कलां। अमृत विचारः** सब्जी लेकर अपने घर जा रहे साइकिल सवार को सोमवार की देर शाम किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। पलिया थाना क्षेत्र के गांव मरौचा निवासी मायाराम (60) पुत्र छेदा लाल पलिया में किसी लेखपाल के पास मुंशी गिरी का काम करता था। वह सोमवार को काम करने के बाद घर वापस जा रहा था। नगर की संपूर्णानगर रोड पर स्थित प्रेरणा हॉस्पिटल के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सड़क पर गंभीर हालत में तड़पते हुए उन्हें पाया। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पलिया लाए। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बिजुआ के निकट पहुंचने पर उनकी हालत अधिक गंभीर हो गई। परिजन ने उसे सीएचसी बिजुआ ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# किसानों को बाढ़ और कटान से बचाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के लोगों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

▸▸ प्रदेश अध्यक्ष बोले, हर साल तबाह हो रहे किसान की फसलें

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने सीएम योगी को ज्ञापन भेजकर हर साल जिले में बाढ़ की तबाही से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि नेपाल से प्रवाहित शारदा नदी पर नेपाल ने भारत सरकार को विश्वास में लिए बिना कई बांध बना दिए हैं।

बरसात में बिना सूचना दिए नेपाल सरकार नदी से हजारों क्यूसेक पानी छोड़ देती है, जिससे पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र टाटरगंज सहित लखीमपुर के खजुरिया, संपूर्णानगर निघासन, पलियां कलां, भीरा, बिजुआ, फूलबेहड़, श्रीनगर, रामनगर कलां आदि क्षेत्रों के किसानों की हजारों एकड़ फसलों से लेकर घर मकान तक नष्ट हो जाते हैं। बाढ़ की विभीषिका में हर साल सरकार के धन का दुरुपयोग होता है किंतु स्थाई तौर पर समुचित व्यवस्था आज तक नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि पीलीभीत जिले में 22 किलोमीटर लंबा शारदा सागर बांध है, जो यूपी और उत्तराखंड में भी है। इससे पीलीभीत से लेकर लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिले में भयावह बाढ़ आ सकती है। इसी तरह लखीमपुर में शारदा नगर क्षेत्र में भी बाढ़ की स्थिति प्रतिवर्ष बन जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए उच्च न्यायालय प्रयागराज की खंडपीठ लखनऊ का भी आदेश है, लेकिन इसके बावजूद समस्या का निदान आज तक नहीं हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर किसानों को बाढ़ से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान न हुआ तो संगठन किसान सत्याग्रह आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर संगठन के कई लोग मौजूद रहे।

# पैथोलॉजी में मशीन खराब, नहीं हो रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



जिला अस्पताल की पैथालोजी के बाहर जांच कराने के लिए मौजूद मरीज।



पैथोलॉजी में खराब पड़ी लिवर फंक्शन जांच करने वाली मशीन।

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में लिवर फंक्शन टेस्ट मशीन खराब है। इससे मरीजों की मुसीबत बढ़ गई है। दरअसल गर्मी के मौसम में आने वाले अधिकतर मरीजों को डॉक्टर एलएफटी जांच कराने के लिए लिखते हैं। मगर, जांच न होने से मरीज बाहर से अधिक पैसा खर्च कर जांच करवाकर ला रहे हैं। उधर, थायराइड जांच मशीन का भी रिजेंट खत्म हो गया है। इससे मरीजों की थायराइड जांच भी नहीं हो पा रही है।

जिला अस्पताल में मंगलवार को 1351 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इसमें करीब छह सौ मरीज फिजिशियनों ने देखे। इनमें अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम बुखार से लेकर डायरिया, पेट दर्द, भूख न लगना आदि समस्याओं से ग्रसित थे, जिनमें से दोपहर एक बजे तक 229 मरीजों जांच कराने पहुंचे। इनमें करीब 200 मरीजों को अन्य जांचों के अलावा लीवर संबंधी जांच कराने के लिए डॉक्टरों ने लिखा था। मगर, पैथोलॉजी पहुंचने पर मशीन खराब होने की वजह से मरीज और उनके तीमारदार मायूस होकर रह गए। हालांकि इस दौरान तमाम मरीज बिना जांच कराए ही घर लौट गए। विभागीय लोग बताते हैं कि अचानक तकनीकी दिक्कत आने से मशीन काम नहीं कर रही है। इंजीनियर आया था और देखकर गया है। एक दो दिन में मशीन फिर से काम करना शुरू कर देगी।

**जिला अस्पताल**

▸▸ मरीज एलएफटी जांच बाहर से कराने के लिए हो रहे मजबूर

▸▸ मंगलवार को करीब 200 मरीजों की नहीं हो 25 तरह की जांच

**थायराइड मशीन भी बंद**

जिला अस्पताल में लगी थायराइड मशीन भी बंद है। इसका रिजेंट खत्म होना बताया जाता है। इसलिए मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। ऐसे में जांच के लिए पहुंचने वाले मरीज रोजाना बिना जांच कराए ही वापस घर लौट जाने के लिए मजबूर हैं।

"जिला अस्पताल में दो दिन से एलएफटी जांच नहीं हो रही है, क्योंकि मशीन में कुछ खराबी आ गई है। इंजीनियर आकर देखकर गया है। बुधवार या फिर बृहस्पतिवार को इंजीनियर आकर मशीन ठीक करेगा। उधर, थायराइड मशीन का रिजेंट खत्म हो गया है। रिजेंट आते ही जांच होने लगेगी।"

-डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**NOTICE**

Pervinder Singh S/o Sukhvinder Singh R/o Bhoopatipurva Nighasan District Kheri lost his High school marksheet Roll no 0964927 passed 2019 and Intermediate Marksheet Roll no 215807489 passed 2021, Mob: 9919600276

**सूचना**

मैंने अपना नाम VARISH से बदलकर MOHAMMAD VARIS रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MAJID, ADD- HARDOI ROAD BEHIND GADDI BAGIYA, ZAHID NAGAR, SIKRAURI KAKORI, LUCKNOW-226101 (U.P.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरा पुत्र रितेश मेरा कहना नहीं मानता है। रितेश का आचरण ठीक नहीं है, जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के प्रति मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं हैं और न होगा। अपने किए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **राम सजीवन पुत्र रामकृष्ण निवासी पूरे अंबर वीर डिहवा मजरे दतौली थाना लालगंज जिला रायबरेली उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्रवधू सोनी पत्नी स्व. राजीव कुमार से संबध विच्छेद कर अपनी सभी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए सभी कार्यो की वह स्वंय जिम्मेदार होगी। मेरा कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा। **शिवनाथ सिंह पुत्र राजाराम निवासी हसेरन तहसील तिर्वा कन्नौज।**

**सूचना**

मु0अ0सं0 107/23 धारा 354, 294, 323, 504 iPC व 9 छ/10 पाक्सो एक्ट थाना राजपुर का0दे0 से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद उर्फ कल्लू पुत्र राजनरायन नि0 ग्राम भाल थाना राजपुर का0दे0 के मा0 न्यायालय हाजिर नहीं होने पर कुर्की की उद्घोषणा का आदेश मा0 न्यायालय कानपुर देहात द्वारा जारी किया गया यदि अभियुक्त प्रमोद दि0 13/07/2024 तक हाजिर नहीं हुआ तो उसके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

**पंकज कुमार**
**(उ0नि0)**
**थाना राजपुर, जनपद का0दे0**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मुआवजे की मांग को लेकर शव रोड पर रखकर लगाया जाम

## पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दो पर दर्ज की रिपोर्ट, एक हिरासत में

संवाददाता बिछिया उन्नाव


हंगामा कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को समझाते एसडीएम व एएसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया बाजार में एक दुकान में अवैध बारूद व पटाखा भंडारण तक पहुंची चिंगारी से हुए धमाके में झुलसकर विद्युत विभाग के संविदा कर्मी की मौत से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ दही-पुरवा रोड जाम कर दिया। मुआवजा व नौकरी की मांग कर सैकड़ों लोग सड़क पर आ आए। इससे मार्ग पर वाहनों के पहिए थम गए। एसडीएम व सीओ सहित विद्युत विभाग के एसडीओ ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर नाराज लोग रोड से हटे।

पुरवा कोतवाली के बिछिया कस्बे में दही-पुरवा मार्ग किनारे बच्चूलाल की मार्केट में बेटा गुड्डू वेल्डिंग की दुकान किए है। सोमवार देरशाम बिछिया विद्युत उपकेंद्र में संविदा पर तैनात लाइनमैन सुनील (40) पुत्र गंगा प्रसाद दुकान के पीछे लघुशंका के लिए जीने के पास चला गया। जहां किसी के द्वारा फेंकी गई जलती सिगरेट की चिंगारी अवैध पटाखा भंडारण तक पहुंच गई और तेज धमाके व आग की चपेट में आकर सुनील की मौत हो गई और वहीं बैठा राजमिस्त्री संजय घायल हो गया। मंगलवार पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर दही-पुरवा मार्ग पर शव रख जाम लगा हंगामा शुरू कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सोमोनेंद्र विश्वास, एसडीओ राजकुमार ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन, परिजन आर्थिक सहायता, एक सरकारी नौकरी दिलाने की मांग पर अड़े रहे। हंगामा बढ़ता देख दही, मौरावां, अजगैन कोतवाली

- **बारूदी विस्फोट में हुई थी विद्युत विभाग के संविदा कर्मी की मौत**

व सोहरामऊ थाना से अतिरिक्त फोर्स बुलाया गया। एसडीएम सदर व एसडीओ राजेश कुमार ने परिजनों की मांगों को नियमानुसार पूरा करने के लिखित आश्वासन के बाद परिजन सड़क से हटे। इस दौरान सड़क के दोनों ओर करीब पांच-पांच किमी का जाम लग गया और एक घंटे मार्ग बाधित रहा। वहीं परिजनों ने बुधवार को गांव स्थित खेत में शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही है। पुलिस ने मृतक की पत्नी सुमन की तहरीर पर वेल्डिंग दुकान मालिक गुड्डू व बगल में खुद की दुकान में संचालित पटाखा व्यवसाई राजेश उर्फ राजा कटियार निवासी सकरन पुरवा पर विस्फोटक अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर गुड्डू को हिरासत में लिया है।


डाउन लाइन की 108 छमकनाली पुलिया का बनाया जाता ढांचा। अमृत विचार

## ब्लॉक लेकर छमकनाली 108 व 109 पुलिया का बदलेगा ढांचा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित छमकनाली 108 और 109 पुलिया जर्जर होने के कारण रेलवे विभाग ने दोनों पुलियों के जीर्णोद्धार का काम करा रहा है। जहां कार्यदायी संस्था ने एक पुलिया का ढांचा बनाकर तैयार कर लिया है। वहीं दूसरी पुलिया के बेस बनाने का काम शुरू करा दिया गया है।

कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रेलवे विभाग पिछले कई महीनों से ट्रैक को दुरूस्त कराने का कार्य करा रहा है। वहीं इसी रूट पर ब्रिटिश काल के समय की बनी छमकनाली 108 और 109 पुलिया जर्जर होने के कारण उनका जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसको लेकर मार्च माह से काम चल रहा है। इधर 109 छमकनाली पुलिया के पैनल बेस बनाने का काम युद्धस्तर से कराया जा रहा था। जिसका ढांचा बनकर तैयार हो गया है। अब रेलवे की कार्यदायी स्वास्तिक कंपनी 108 छमकनाली पुलिया का ढांचा बनाने का कार्य शुरू करा दिया है। रेलवे के रिटायर्ड इंजीनियर राजकरन ने बताया कि लगभग दस से बारह दिन में इस पुलिया का ढांचा तैयार कर लिया जायेगा। पुलियों के कार्य को बरसात से पहले पूरा कर लिया जयेगा।

## सार-संक्षेप

### हत्या के प्रयास के तीन वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी युवक को दबंगों ने जमकर मारा पीटा था। जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कंचन नगर निवासी अश्वनी गौतम शनिवार देररात घर जा रहे थे, तभी कंचन नगर मोड़ के पास दबंगों ने जमकर मारा पीटा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आजाद नगर निवासी सूरज निषाद, सूरज उर्फ चीनू, नरेश उर्फ कल्लू, ऋषि नगर निवासी मुन्ना माइकल समेत नौ के विरुद्ध जानलेवा हमला, हत्या के प्रयास, दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की था। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान रामकली स्टेडियम के पास से पुलिस ने ऋषि नगर गाजी खेड़ा निवासी मुन्ना निषाद उर्फ माइकल, मनोहर नगर निवासी बाबू उर्फ नसीम, आजाद नगर निवासी सूरज रावत उर्फ चीनू को गिरफ्तार किया।


पुलिस गिरफ्त में खड़े आरोपी।

### शहीद की आठवीं पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली बांगरमऊ अंतर्गत गांव सुल्तानपुर निवासी कैलाश यादव बीती 25 जून–2016 को जम्मू कश्मीर के पंपोर में एक आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। तब से प्रतिवर्ष उन्नाव–हरदोई मार्ग स्थित पैतृक गांव सुल्तानपुर में उनकी समाधि स्थल पर पुण्यतिथि मनाई जाती है। मंगलवार को उनकी 8वीं पुण्यतिथि पर रिटायर्ड सूबेदार मेजर जाबिर अली, बीएसएफ के रामकिशन पाल व सीआरपीएफ के सुनील कुमार व दरोगा सीआरपीएफ सुरेंद्र बहादुर सिंह आदि सैन्य कर्मियों ने शहीद की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आश्रित को शोकपत्र सौंपकर सलामी दी। इसके अलावा सपा नेता डा. मुन्ना अल्वी, रावेंद्र सिंह, अंकित मौर्य, अरविंद सिंह, अजय विक्रम सिंह, शिवम यादव, अरविंद सिंह व राम सजीवन यादव आदि ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।


शहीद की पत्नी को दिया शोकपत्र।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से रहमत नगर की 15 घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान रहमत नगर मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। 15 घंटे बाद मरम्मत होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। नगर के रहमत नगर मोहल्ले में लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर सोमवार रात लगभग 11 बजे खराब हो गया। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत करने का प्रयास किया लेकिन ट्रांफार्मर की राड कटी होने के कारण मरम्मत नहीं हो सकी। जिस कारण पूरी रात सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं मंगलवार सुबह 5 बजे कंचन नगर में एलटी लाइन का जंपर उड़ जाने से आधा सैकड़ा घरों की आपूर्ति दिन करीब 11 बजे तक ठप रही। इसके अलावा ब्रम्ह नगर में केबल डालने को लेकर दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक बिजली गुल रही।

### नासिक से बरामद हुई डेढ़ साल पूर्व गई किशोरी

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का युवक बीती 26 दिसम्बर–2022 की सुबह एक 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था किशोरी के पिता ने युवक शहबुद्दीन और उसके साथी बफाती, नसरुद्दीन, नुरुद्दीन, नियाजुद्दीन निवासी दरियापुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपराध निरीक्षक नईम खान व दरोगा वीरेंद्र विक्रम सिंह ने किशोरी को नासिक महाराष्ट्र से बरामद कर लिया।

## गमगीन माहौल में शव का हुआ अंतिम संस्कार

फॉलोअप

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** सहन की जमीन को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई को छोटे भाई व भतीजे ने मिलकर फावड़ा मारकर मौत के घाट उतार दिया था। नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

औरास थानाक्षेत्र के गांव प्रताप खेड़ा मजरा टिकरा निवासी गुरुचरन (55) पुत्र स्व. बाबू व छोटे भाई रामकिशोर का पुराने घर के बंटवारे

- **बीते सोमवार छोटे भाई ने बेटे के साथ मिलकर की थी बड़े भाई की हत्या**

को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर घर के बंटवारे की कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन, पुलिस ने मामले को टाल दिया था। जिससे सोमवार को कहासुनी के बाद छोटे भाई रामकिशोर व भतीजे अखिलेश ने मिलकर फावड़ा मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया था।

## सड़क पर ट्रक खराब होने से लगा जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीती रात हरदोई की ओर जा रहा ट्रक मोतीनगर स्थित पंजाब धर्मकांटा के पास खराब होकर खड़ा हो गया। ट्रक का गुल्ला टूट जाने से इसे हटाया भी नहीं जा सका। इससे पूरे दिन हल्के व दोपहिया वाहन सवार शहरवासियों सहित भारी वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक ट्रक जस का खड़ा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह तड़के तेज आवाज के साथ ट्रक का गुल्ला टूट गया, जिससे वाहन जस का तस खड़ा हो गया। चालक ने उतर कर देखा, लेकिन गुल्ला टूटा होने से गाड़ी छोड़कर क्लीनर सहित मैकेनिक तलाशने की बात कह कर कहीं चला गया। पूरे दिन खराब ट्रक सड़क पर खड़ा रहा, जिससे अन्य वाहन चालकों को बार-बार जाम की समस्या से जूझना पड़ा। इससे लोगों को बहुत परेशानी हुई।


मोतीनगर में खड़ा खराब ट्रक। अमृत विचार

## दबंगों ने मारपीट कर युवक का फोड़ा सिर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डॉकतार कॉलोनी निवासी एक युवक को दबंगों ने मामूली बात को लेकर मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया।

डॉकतार कॉलोनी निवासी फूलकुमार ने बताया कि सोमवार रात वह घर जा रहा था, तभी तीन युवकों ने उसे रोक लिया और अकारण गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर तीनों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। घायलावस्था में वह कोतवाली पहुंची और पुलिस से शिकायत की।

## जोनल ट्रायल के लिए महिला क्रिकेटर लखनऊ रवाना

**उन्नाव।** यूपीसीए के निर्देश पर डीसीए ने जोन स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता में शामिल होने के अंडर-19 ग्रुप की महिला क्रिकेटरों को लखनऊ के लिए रवाना किया। महासचिव ने बताया कि अंडर-19 महिला खिलाड़ियों का जोन स्तरीय ट्रायल 26 व 27 जून को लखनऊ में होना है। इसलिए जिला स्तरीय ट्रायल में चयनित अवंतिका, जानवी, आस्था व अपूर्वा लखनऊ रवाना किया गया। जिले की खिलाड़ी बरेली जोन की टीम से खेलेंगी।

टीम के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका पूनम गुप्ता टीम मैनेजर के तौर पर साथ गई हैं। रवाना होने वाली खिलाड़ियों को डीसीए की ओर से राज कुमार यज्ञसैनी, राजेंद्र त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा, मंसूर खान, अभिषेक श्रीवास्तव विकास सिन्हा व मंजूलता अवस्थी ने शुभकामनाएं दीं।

## मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग घायल

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में चकबंदी विभाग की लापरवाही से एक ही गाटा संख्या पर कब्जेदारी में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों का कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

चकबंदी विभाग की लापरवाही के चलते थानाक्षेत्र के गांव ओसिया के मजरा गोबई में दो अलग-अलग गाटा संख्या के दावेदार एक ही खेत पर कब्जे को लेकर भिड़ गए। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र खग्गा एक माह से अपनी पुस्तैनी जमीन गाटा संख्या-229 पर कब्जा पाने के लिए तहसील दिवस व थाना दिवस समेत उच्चाधिकारियों के चक्कर लगा रहा था। कई शिकायतीपत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं गांव निवासी जगमोहन ने गाटा संख्या-236 का बैनामा कराकर गाटा संख्या-229 पर उसका कब्जा होने का दावा कर दिया। वहीं बीती देरशाम मामले का समाधान करने पहुंचे चकबंदी लेखपाल ने मामले को संदिग्ध बना दिया। जिससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसी बीच जगमोहन पक्ष के लोगों ने राजेंद्र पक्ष के राम सेवक, धर्मवीर व सोनी पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से सभी को जिला अस्पताल फिर वहां से कानपुर भेजा।

### मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर अजिगांव निवासी छोटू पुत्र राधेलाल की गांव के रामू पुत्र बाबू कश्यप से कहासुनी होने लगी। दोनों पक्षों में गालीगलौज के बाद वे एक–दूसरे पर हाथापाई पर आमादा हो गए। मारपीट में छोटू घायल हो गया। परिजनों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मारपीट में घायल वृद्ध की हुई मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भग्गाखेड़ा गांव में चार दिन पहले दो पक्षों में हुई कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। घायल हुए वृद्ध की कानपुर के हैलट अस्पताल में मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र की मगरवारा चौकी अंतर्गत भग्गा खेड़ा गांव में अवधेश पुत्र राम प्रसाद का घर से कुछ दूर घूर है। उसने बताया कि बीती 21 जून को गांव के रामकुमार व जितेंद्र पुत्र रामेश्वर उसके घूर को काटने लगे। इस पर उसके पिता रामप्रसाद (65) ने इसका विरोध किया। विरोध करने पर राम कुमार उसके भाई जितेंद्र, शिवम व हैप्पी सहित सुशील व उसके भाई सुनील पुत्र मत्ते ने पिता की लात-घूसों व लाठी से पिटाई कर दी। बचाने पहुंची मां रूपवती व उसे भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सभी को जिला अस्पताल लाया गया था। जहां से राम प्रसाद को डॉक्टर ने कानपुर भेज दिया था। मंगलवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि मारपीट की रिपोर्ट दर्ज है।

## बारिश से फिर होगी आफत, सड़कें अभी भी जर्जर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आसमान में छाए बादल कभी भी मानसून आने का संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बारिश शुरू होते ही शहर व ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाएगा। इसकी वजह यह है कि जिले में आधा सैकड़ा से ऊपर ऐसी सड़कें हैं जो गड्ढों में तब्दील हैं।

जिले में दो एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेजी से चल रहा हैं। जिसमें कार्यदाई संस्थाओं के सैकड़ों डंपर ओवरलोड मिट्टी लेकर क्षेत्र के गावों से होकर निकल रहे हैं। जिससे जिले की ज्यादातर सड़के पहले से खस्ताहाल थीं। जो मरम्मत के अभाव में पड़ी थी। बाकी ओवरलोड डंपरों व अन्य वाहनों ने बर्बाद कर दी हैं। क्षेत्र के कुछ मार्गों पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। बारिश से पहले इनकी मरम्मत नहीं हुई तो राहगीरों का बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष गड्ढामुक्त अभियान चलाने का दावा किया जाता है लेकिन, नए वित्तीय वर्ष में अभी तक कार्य अधर में लटका है। ऐसे में न तो सड़कों की मरम्मत हुई न ही गड्ढे पाटे गए। मानसून कभी भी जिले में दस्तक दे देगा। ऐसे में हल्की बारिश से भी गड्ढों में तब्दील सड़कों पर जलभराव होगा। इससे वाहन चालकों को भी खासी परेशान का सामना करना पड़ेगा।


जर्जर सड़क से निकलता डंपर। अमृत विचार

**केस 01** **पुरवा।** क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक सड़कें जिन पर चलना राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुका है। जिनमें मंगतखेड़ा से सोहरामऊ 18 मार्ग किलोमीटर मार्ग दो वर्षों से खस्ता हाल है। जिसमें लोकनिर्माण विभाग निर्माण कराने में कोई रुचि नहीं ले रहा है।

### बोले जिम्मेदार

लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम के एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि खराब सड़कों की रिपोर्ट शासन को भेजी गई हैं। साथ ही निर्माणाधीन एक्सप्रेस–वे के प्रबंधक को पत्र व खराब हुई सड़कों की सूची भेजकर सड़कों का निर्माण कराने के लिए अवगत करा दिया गया है। जल्द ही जर्जर सड़कें बनवाई जायेंगी।

### सड़कें जो खो रहीं अपना अस्तित्व

**केस 02** **बिछिया।** क्षेत्र में हर मार्ग की स्थिति खराब है। एक्सप्रेस–वे निर्माण में मिट्टी डालने के लिए लगें सैकड़ों डंपरों ने क्षेत्र की छह माह पहले बनी सड़कें खस्ताहाल कर दी है। जिसमें तारगांव–बड़ौरा मार्ग, पड़री–मंगतखेड़ा, बड़ौरा–मोहद्दीनपुर मार्ग, घूरखेत–नवाबगंज मार्ग, जरगांव–संस्कार डिग्री कालेज मार्ग सहित दर्जनों सड़कें ओवरलोड डंपरों के चलने से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

**केस 03** **हसनगंज।** क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। जिनमें पैदल निकलना तक मुश्किल है। बड़े–बड़े गड्ढों में तब्दील सड़कों में अक्सर वाहन फंसना अब आम बात हो गई हैं। मोहान– मलिहाबाद के लिंक मार्ग पिलखना–रसीदपुर मार्ग की बात करें तो पूरी सड़क छह माह से गड्ढों में तब्दील है। वहीं मोहान से चिरियारी सम्पर्क मार्ग, मोहान–औरास मार्ग से लिंक मार्ग रसूलपुर बकिया मार्ग, हसनगंज–बांगरमऊ लिंक मार्ग से जुड़े सलेमपुर मार्ग गड्ढे में तब्दील हैं। आने वाली बारिश में सड़कों के हाल और भी बदतर हो जाएंगे।

आस्था | बाबा अमरनाथ महाराज के जयकारों से गूंजता रहा स्टेशन परिसर

## बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना हुए भक्त

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** करीब डेढ़ दर्जन श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। रेल मार्ग से जम्मू तक सफर पर निकले बाबा बर्फानी के इन भक्तों को परिवार के लोगों सहित अन्य मिलने वाले रेलवे स्टेशन शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस दौरान स्टेशन परिसर में बाबा बर्फानी के जयकारे गूंजते रहे।

वैसे शहर से बसें बुक कर भी भगवान शंकर के भक्त अमरनाथ गुफा में बनने वाले प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन करने रवाना होते हैं, लेकिन बहुत सारे श्रद्धालु बसों के बजाए रेल यात्रा को सुविधाजनक मानकर ट्रेन से रवाना होते हैं। श्रद्धालुओं का एक ऐसा ही जत्था मंगलवार को यहां से जम्मू के लिए रवाना होने को स्टेशन पहुंचा। जत्थे में शामिल नवीन सिन्हा व अभिषेक श्रीवास्तव शंकर ने बताया कि सभी कानपुर सेंट्रल से जम्मू के लिए ट्रेन पर सवार होंगे। सदर विधायक पंकज गुप्ता के पुत्र प्रखर ने स्टेशन पहुंचकर जत्थे में शामिल सभी भक्तों को अंग वस्त्र भेंट किए। श्रद्धालुओं को परिजनों व मिलने वालों में शामिल पीके मिश्र, मोनिका सिन्हा, चंदन व समरदीप आदि ने भी स्टेशन पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। जत्थे में अनिल दीक्षित, प्रख्यात सिन्हा, पियूष, निखिल, राजू गुप्ता, अमन गुप्ता, प्रशांत पांडेय, कार्तिकेय यादव, विजय, शुभम व नितिन सहित अन्य लोग शामिल थे।


रेलवे स्टेशन परिसर में तीर्थ यात्रियों के साथ खड़े सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता।

### 150 श्रद्धालुओं का जत्था नगर से रवाना हुआ

**शुक्लागंज उन्नाव।** शिव मानव सेवा समिति की ओर से शुक्लागंज में बाबा अमरनाथ के भंडारे के लिये राशन सामग्री एकत्र कर भंडारे के लिये पूर्व में भेजी गई थी। जिसके बाद बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए नगर से दो बस से शिव भक्तों का पहला जत्था रवाना हुआ। जिसके लिये अंबिकापुरम के पास समिति के पदाधिकारियों ने विधि विधान से बाबा भोले नाथ की पूजा आरती कर बम बम भोले, काश्मीर की वादी में भोले नाथ की शादी में, भूखे को अन्न प्यासे को पानी जय हो बाबा बर्फानी के उदघोष के साथ यात्री बस को रवाना किया गया। इस दौरान प्रसाद बांटा गया। दोनों बसों से बाबा अमरनाथ की यात्रा और दर्शन कराने के लिये लगभग डेढ़ सौ यात्री जा रहे हैं। जहां इनको मथुरा, खाटू श्याम, बालाजी सालासर, मां वैष्णों आदि तीर्थ स्थानों पर दर्शन के लिये ले जाया जायेगा।

## मछली पकड़ने गये मछुआरे का शव नाव में फंसा मिला

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के मनोहर नगर निवासी एक मछुआरा मंगलवार सुबह मछली पकड़ने के लिये नवीन पुल के नीचे गया था। जहां दोपहर के समय घाट पर मौजूद लोगों ने उसका शव टूटी नाव में फंसा देखा।

मनोहर नगर निवासी 65 वर्षीय श्रीकृष्ण कश्यप मछली पकड़ने का काम करता है। मंगलवार सुबह वह रोज की तरह गंगा में मछली पकड़ने गया था। दोपहर लगभग दो बजे नवीन गंगा पुल के नीचे स्नान व वहां रहने वाले लोगों ने उसका शव गंगा नदी में टूटी नाव में फंसा देखा। शव की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इस बावत कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पीएम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## संचारी रोग की रोकथाम को लेकर चर्चा, 1 से चलाया जाएगा अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान व संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण पर कार्यवाही हेतु शासन के निर्देश पर मंगलवार को पालिका कार्यालय में पालिका, स्वास्थ्य विभाग व मलेरिया विभाग की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें संचारी रोग की रोकथाम को लेकर चर्चा हुई।

शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच द्वितीय संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जायेगा। जिसे देखते हुये मंगलवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा की मौजूदगी में पालिका कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें दस्तक अभियान के तहत जिला मलेरिया अधिकारी के निर्देश पर बैठक में मौजूद मलेरिया निरीक्षक विवेक दीक्षित, ऋषभ श्रीवास्तव, फाइलेरिया निरीक्षक योगिता सिंह पहुंची। जहां ईओ ने बताया कि अभियान को देखते हुये जुलाई माह में पालिका के सभी वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। डॉक्टरों ने बताया कि वेक्टर जनित रोग के तहत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि रोग के बैक्टीरिया बारिश के मौसम में पनपते है। इस मौके पर पालिका के सभासद मौजूद रहे।


संचारी रोग नियंत्रण को लेकर पालिका में होती बैठक। अमृत विचार

- **संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर पालिका में हुई बैठक**

# जीडी में बेवजह तस्करा डालने से परेशान था सिपाही देवांश

## छुट्टी भी नहीं मिल रही थी इलाज के लिए इसलिए आत्महत्या करने का लगा आरोप

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, वहां इलाज के दौरान हुई मौत
- पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पहुंच कर ली जानकारी


कोतवाली में जांच करने पहुंचे एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिपाही देवांश के आत्महत्या करने की सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा हसनगंज पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। एसपी ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। आरोप है कि जीडी में खुद के विरुद्ध तस्करा डाले जाने से वह परेशान था।

मृतक देवांश दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से बड़े भाई विक्की व मां सुनीता बेहाल रहे। बड़े भाई विक्की ने फोन पर बताया कि सोमवार रात उसकी भाई से बात हुई थी। तब वह एकदम खुश था। पापा की तबीयत के बारे में पूछ रहा था। उसने बताया कि 10-12 दिन पहले उसने फोन पर बताया था कि उसके विरुद्ध बेवजह जीडी में तस्करा डाल दिया गया है। जिससे वह परेशान था। यह भी बताया कि सोमवार को पूर्व में हुए हादसे की वजह से पैर में दिक्कत थी। इंस्पेक्टर छुट्टी पर थे। चार्ज संभाल रहे एसएसआई से इलाज के लिए छुट्टी मांगी थी लेकिन, उन्होंने छुट्टी देने से मना कर दिया था।

**पुलिस ने उसके कमरे की जांच पड़ताल की:** सिपाही देवांश की आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हुई है। पुलिस ने उसके कमरे की भी जांच की है। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पारिवारिक जानकारी के अनुसार अभी देवांश की शादी नहीं हुई थी। उसकी आत्महत्या को लेकर अलग-अलग चर्चाएं है। इनमें पारिवारिक कारणों से आतमघाती कदम उठाने की संभावना अधिक है। उसका फोन कब्जे में लिया गया है। इससे सीडीआर और चैट को खंगाला जायेगा।

## चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ कर पार किये उपकरण

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय की स्मार्ट क्लास का ताला तोड़कर चोरों ने वहां रखे उपकरण पार कर दिए।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव शेरपुर अछिरछा स्थित उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय के प्रधान शिक्षक अशोक कुमार नें मंगलवार को थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा है कि शासनादेश के अनुसार गर्मी की छुट्टियों के बाद 25 जून से विद्यालय खोलने का आदेश था। इससे वह मंगलवार सुबह विद्यालय पहुंचे और मुख्य गेट खोलकर जब स्मार्ट क्लास खोलने गये तो उन्हें उसका ताला टूटा मिला और वहां रखे उपकरण व बैटरी आदि गायब थे। प्रधान शिक्षक ने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय खोला गया था। योग दिवस मनाने के बाद जब स्कूल बंद किया गया था तब सब ठीक था। प्रधान शिक्षक ने पुलिस के साथ उच्चाधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी है।

## शादी के एक माह में उपलब्ध करानी होगी उपहारों की सूची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कार्यालय में जमा होने वाली सूची पर वर-वधू पक्ष के होंगे हस्ताक्षर

**अमृत विचार।** अगर आप अपने बेटा-बेटी की शादी करने जा रहे हैं तो विवाह की तैयारियों की सूची में एक मद बढ़ा लीजिए। दोनों ही परिवारों को शादी के एक माह में वर-वधू को विवाह में दिए जाने वाले उपहारों की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को देनी होगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश ने महिला कल्याण विभाग के निदेशक द्वारा जारी इस आदेश का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 में नकद धनराशि, गहने, कपड़े, मूल्यवान वस्तुओं में शामिल टीवी, फ्रिज, एसी, स्कूटर, मोटर साइकिल, कार, प्लाट व मकान आदि की मांग करना दंडनीय है। दहेज लेना और इसके लिए दबाव बनाने पर कैद के साथ जुर्माना का प्रावधान है। दोषी व्यक्ति को पांच वर्ष की कैद या 15 हजार से लेकर दहेज की रकम तक जुर्माना किया जा सकता है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग करने वालों को छह माह से दो वर्ष तक की सजा या 10 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक पंजीकृत या अपंजीकृत विवाह होने के एक माह में वर व कन्या पक्ष को शादी में वर-वधू को दिए गए उपहारों की स्वहस्ताक्षरित सूची कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी। दहेज पीड़िता, परिजन, रिश्तेदार या स्वयंसेवी संस्थाएं इस संबंध में पुलिस के टोल फ्री नंबर-112, महिला हेल्पलाइन की हेल्प लाइन 181 या जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के सीयूजी मोबाइल नंबर 7518024022 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## दुबई से बेटे का शव मंगवाने को पिता ने सीएम से लगाई गुहार

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के मजरा निजामखेड़ा निवासी एक युवक की विदेश में नौकरी करते हुए मौत हो गई थी। युवक के पिता ने मुख्यमंत्री से बेटे का शव विदेश से मंगाने की मांग की है।


सूबेदार।

निजामखेड़ा निवासी सूबेदार (26) बीते 5 वर्ष पूर्व दुबई मजदूरी करने गया था। बीते शनिवार नन्हक्के को बेटे के साथ नौकरी करने वाले व्यक्ति ने बेटे की मौत की सूचना दी। जानकारी करने पर सूचना देने वाले ने बताया कि उसकी हार्टअटैक से मौत हो गई है। बेटे का शव मंगाने के लिए पिता शनिवार से भटक रहा है। अब उसने मुख्यमंत्री पोर्टल-1076 पर बेटे का शव मंगवाने के लिए गुहार लगाई है।

## एक नजर

### वृद्धा की अचानक बिगड़ी हालत, हुई मौत

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला कटरा निवासी राम प्यारी की मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते हालत बिगड़ गई। यह देख उसका पौत्र रितिक आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### बिच्छू के डंक से युवक बेहाल, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस के मजरा जुड़ई खेड़ा निवासी शिव नारायण के 25 वर्षीय बेटा रमाकांत मंगलवार को मवेशियों को चारा कर रहा था। तभी अचानक बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### छत से आंगन में गिरा युवक सरिया घुसने से हुआ गंभीर

**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली बांगरमऊ के गांव बल्लापुर निवासी रामकिशोर (40) पुत्र रामआसरे बीती सोमवार रात भीषण गर्मी के चलते घर की छत पर सो रहा था। रात में वह लघुशंका करने उठा तो असंतुलित होकर नीचे आंगन में आ गिरा। आंगन में लोहे की सरिया रखी थीं। जिनके घुसने से वह गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की गई जान

**उन्नाव।** उन्नाव-प्रयागराज रेल मार्ग पर मंगलवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। अचलगंज थानाक्षेत्र के मैनहा गांव निवासी मोनू (18) पुत्र मंगली के घर में मुर्गी पालन का काम होता था। वह इसी में परिजनों का हाथ बंटाता था। मंगलवार सुबह वह घर से बिना कुछ बताए निकल गया। इसके बाद वह गांव से करीब दो किमी दूर पचोड्डा-बंड हमीरपुर गांव के बीच उन्नाव-प्रयाग रेल रूट पर कानपुर से प्रयाग जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इसमें उसकी मौत हो गई। रेलवे के मेमो पर अचलगंज पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया।

## लक्ष्य निर्धारित, चयनितों को मिलेगा अनुदान का लाभ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- इच्छुक लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

**अमृत विचार।** शासन से जिला उद्यान कार्यालय के लिए चालू वित्तीय वर्ष के लिए नवीन बागान तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जिला उद्यान अधिकारी सुरेंद्र राम भाष्कर ने बताया कि बागवानी मिशन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक बागान मालिकों सहित शाकभाजी की खेती करने वाले किसान आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित लोगों को अनुदान का लाभ भी प्राप्त होगा।

शासन ने केला टिश्यू कल्चर के लिए 30 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी तरह आम पांच हेक्टेयर, आम (हाईडेंसिटी) छह हेक्टेयर, स्ट्राबेरी पांच हेक्टेयर, ड्रैगन फ्रूट (कमलम) एक हेक्टेयर, जैक फ्रूट पांच हेक्टेयर, फालसा एक हेक्टेयर, संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार 100 हेक्टेयर, प्याज 100 हेक्टेयर व पुराने बागों के जीर्णोद्धार के लिए चार हेक्टेयर लक्ष्य तय किया है। जिला उद्यान अधिकारी के मुताबिक केला टिश्यू पर 30 हजार 738 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान किया जाएगा। वहीं आम पर 7650 रुपए प्रति हेक्टेयर, आम (हाईडेंसटी) पर 9840, स्ट्राबेरी पर 50 हजार, ड्रैगन फ्रूट पर 30 हजार, जैक फ्रूट पर 18 हजार, फालसा पर 18 हजार, संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार पर 20 हजार, प्याज पर 12 हजार और पुराने बागों के जीर्णोद्धार पर 20 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिया जाएगा। विभागीय अधिकारी के मुताबिक लाभार्थियों का चयन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

## मां मुरादें पूरी कर दे, हलवा बाटूंगी


जगराते में मौजूद भक्तगण। अमृत विचार


मातारानी का सजा दरबार।

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- मातारानी के भजन सुन मंत्रमुग्ध हुए भक्त

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित मां संकटा देवी के वार्षिकोत्सव पर विशाल भगवती जागरण व मातारानी का भव्य श्रृंगार कराया गया। रात्रि में जागरण पार्टी के कलाकारों ने कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों की जमकर वाहवाही लूटी।

मोहल्ला चौधराना स्थित मां संकटा देवी मंदिर में बीते सोमवार भक्तों द्वारा माता जी का भव्य श्रृंगार किया गया। रात्रि में कानपुर की विख्यात जागरण पार्टी के कलाकारों ने कीर्तन प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। कलाकारों में दीपांशु पंडित द्वारा 'मां मुरादें पूरी कर दे, हलुआ बांटूंगी' प्रस्तुत करने पर मौजूद श्रोता तालियां बजाने को मजबूर हो गए। महिला कलाकार रिचा शुक्ला ने 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है' पेश कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा पार्टी के प्रस्तोता विजय मोहन सक्सेना ने 'मां का जगराता है' प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया।

मंगलवार सुबह तारा रानी की कथा के बाद आयोजक पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी व उनके पारिवारिक सदस्य आशीष सिंह गोलू, प्रमेश सिंह गुड्डू भैया, भुवनेश सिंह व देवेश सिंह द्वारा भंडारा आयोजित कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## सड़क हादसों में एमआर सहित दो की गई जान, एक घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही-मोहनलालगंज मार्ग पर अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में एमआर सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा युवक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे हादसे में जान गंवाने वाले युवक का पोस्टमार्टम कानपुर में हुआ।


अजय त्रिपाठी।

- दही थाना व पुरवा कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसों के बाद परिजनों में मचा कोहराम

**केस 01**

**बिछिया।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ककौहा गांव निवासी अजय त्रिपाठी (35) पुत्र कमलेश चंद्र कानपुर में एक फार्मा कंपनी में एमआर था। सोमवार देररात वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी दही थानाक्षेत्र के पुरवा मार्ग पर ओरहर गांव के मोड़ के पास सामने से आए लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पारिवारिक विवाद के चलते उसकी पत्नी एक साल से मायके में रह रही है।

**केस 02**

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के पौंगहा गांव निवासी रामशंकर (35) क्षेत्र के जगेथा गांव निवासी विनोद के साथ सोमवार रात बाइक से किसी काम से बिछिया गया था। तभी दही-मोहनलालगंज मार्ग पर खरगीखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां से रामशंकर को कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं जिला अस्पताल में घायल विनोद का इलाज चल रहा है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमऊ सरांय निवासी आरिफ का 12 वर्षीय बेटा आमिर मंगलवार सुबह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय भवन के पास साइकिल से घूम रहा था। तभी बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें किशोर गंभीर घायल हो गया। पिता आनन-फानन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ आंधी में बन सकते हैं जानलेवा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सड़क किनारे जगह-जगह पर लगे सूखे पेड़ हादसों को दावत दे रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसके बाद भी वन विभाग इन पेड़ों का कटान नहीं कर रहा है। वन विभाग द्वारा हर क्षेत्र में वन रेंजर की तैनाती की गई है। जिनके पास क्षेत्र में घूमकर पेड़ों की स्थिति का जायजा लेकर सूखे पेड़ कटवाने की जिम्मेदारी होती है। लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका नतीजा यह है कि बांगरमऊ-लखनऊ राजमार्ग पर मियागंज से सफीपुर तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर दर्जनों सूखे पेड़ खड़े हैं। जो कभी भी तेज हवा चलने से गिरकर राहगीरों के लिये जानलेवा साबित हो सकते हैं।


सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़।

सफीपुर-मियागंज मार्ग पर गौरी गांव के पास से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर सड़क के बगल में आम का विशाल पेड़ कई वर्षों से सूखा खड़ा है। जिसकी टहनियां तेज हवा चलने पर अक्सर टूटकर गिर जाती है। टहनियां टूटकर गिरने से अब तक कई राहगीर चुटहिल भी हो चुके हैं। वहीं अगर यह पूरा पेड़ गिरा तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी वन बांगरमऊ नीरज कुमार विद्यार्थी ने बताया कि सूखे पेड़ों को चिन्हित कर छपान कराया जा रहा है। जल्द ही निगम द्वारा इन पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर कटान करा दिया जाएगा।

### यह हो चुकी हैं घटनाएं

बीते अप्रैल माह में तेज हवा से आसीवन थानाक्षेत्र बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग किनारे शीशम के पेड़ की मोटी डाल टूटकर सड़क से निकल रहे थानाक्षेत्र के गांव महेंद्र निवासी अजय पर गिर गई थी। जिसमें वह बाइक समेत गिरकर घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सफ़ीपुर क़स्बे के पास एक पेट्रोलपंप से पहले वाहनों के पंचर बनाने वाली शीबू की दुकान के तिरपाल पर आम के पेड़ की टहनी गिर गई थी। वहां मौजूद लोग बाल-बाल बचे थे।


शिविर में मौजूद महिलाओं को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

## शिविर में महिलाओं को किया जागरूक

**उन्नाव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रभारी अध्यक्ष व डीजे मो. असलम सिद्दीकी के निर्देश पर सदर तहसील सभागार में जागरूकता शिविर आयोजित किया।

प्राधिकरण सचिव एडीजे मनीष निगम ने कहा कि लड़के व लड़कियों के बचपन के अनुभव काफी अलग होते हैं। लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक स्वतंत्रता मिलती है। जबकि लड़कियों पर पाबंदियां थोपी जाती हैं। आमतौर पर लड़कियों को शिक्षा, विवाह व सामाजिक रिश्तों संबंधी निर्णय करने की छूट नहीं दी जाती है। इससे बचपन के साथ पूरा जीवन प्रभावित होता है।

यही कारण है कि विभिन्न कार्यस्थलों पर मात्र एक चौथाई से भी कम महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने लोगों को 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने की जानकारी भी दी। कहा इस लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न वादों का निस्तारण सुविधाजनक ढंग से जल्दी कराया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### दिल्ली में विवाहिता की मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशा खेड़ा निवासी एक विवाहिता की दिल्ली में मौत हो गई। जहां मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज को लेकर मारपीट करने के साथ ही उसका शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया था। पीएम के बाद शव मंशा खेड़ा लाया गया। जहां शव देख परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मंशा खेड़ा निवासी अनंत रावत ने अपनी बेटी सोनम रावत की शादी उन्नाव के पंडित खेड़ा निवासी राजू पुत्र पूतन लाल के साथ 25 जून 2020 को हुई थी। भाई अजय ने बताया कि शादी के बाद राजू उसकी बहन को लेकर दिल्ली के मुखर्जी नगर में रहने लगा। इधर पति और उसके ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगा। इतना ही नहीं उसे मारा पीटा। जिस पर वह मायके आ गई थी। सुलह समझौता के बाद दोबारा चली गई। जहां आरोप है कि 23 जून को जीजा राजू ने फोनकर सूचना दी कि तुम्हारी बहन ने फांसी लगा ली है। जिस पर वह मौके पर पहुंचा। जहां शरीर में चोट के निशान थे। जिस पर दिल्ली मुखर्जी नगर पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा। सोमवार रात उसका शव घर लाया गया।


सोनम।

**हीला हवाली** | पत्र प्राप्त होते ही स्थानांतरित सभी शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

## कार्यमुक्त नहीं हुए 15 शिक्षक, लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीएसए की सख्ती के बाद भी स्थानांतरित एक दर्जन से अधिक शिक्षक गैर जिलों में पदभार संभालने को कार्यमुक्त नहीं हुए हैं। विभागाध्यक्ष ने दूसरी बार कार्यमुक्त न होने वाले शिक्षकों की सूची संलग्न करते हुए बीईओ को पत्र जारी कर अविलंब कार्यमुक्त आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षकों को कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर बीईओ को ही उत्तरदायी ठहराया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह शासन ने अंतर्जजिला परस्परिक स्थानांतरण सूची जारी की थी। इसमें शिक्षकों को सीधे स्कूल से स्कूल स्थानांतरित किया गया था, जबकि पूर्व में जिले से जिला स्थानांतरण करते हुए काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों को नए जिले में विद्यालय आवंटित किए जाते थे। इसीलिए परस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन करने के बाद भी अब शिक्षक तबादले में मिले विद्यालय नहीं जाना चाहते हैं।

प्रायः दूरस्थ ब्लाकों में स्थानांतरित किए जाने से ही शिक्षक स्वयं को कार्यमुक्त कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है नए जिले में दूरस्थ विद्यालयों में कार्यभर ग्रहण कर वह स्वयं को ताउम्र के लिए फंसाना नहीं चाहते हैं। बीएसए ने 16 में से आठ बीईओ को पत्र भेजा है, जिसमें कार्यमुक्त न होने वाले शिक्षकों लक्ष्मी खत्री, विकास गुप्ता, मंजू यादव, अनिल कुमार, अंकिता पटेल, दिव्या वाजपेयी, अनुपम शर्मा, सफिया बानो, आशुतोष यादव, गोविंद नारायण मिश्र, राम प्रकाश, राममूर्ति, आकृति साहू, तनू राज वर्मा व पूनम देवी को कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने बीईओ को संबंधित सभी शिक्षकों को तत्काल आज ही कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शिक्षकों के कार्यमुक्त होने पर बीईओ को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### हिलौली में संख्या सबसे अधिक

सबसे अधिक चार शिक्षक हिलौली ब्लाक क्षेत्र के कार्यमुक्त नहीं हुए हैं। इसी तरह असोहा, औरास व बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के दो-दो शिक्षकों को भी कार्यमुक्त नहीं किया जा सका है, जबकि बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, सिकंदरपुर कर्ण व सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के एक-एक स्थानांतरित शिक्षक कार्यमुक्त किए जाने हैं। वहीं आठ ब्लाक क्षेत्र के किसी भी विद्यालय में कार्यमुक्त आदेश अवशेष नहीं रह गया है।

### शिक्षक नेताओं ने दिया संशोधन पर जोर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय व जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने बीते वर्ष तक लागू रही जिला से जिला स्थानांतरण किए जाने की प्रक्रिया की मांग की है। कहा कि इसके पूर्व स्थानांतरित शतप्रतिशत शिक्षक कार्यमुक्त पत्र लेकर नए जिलों को चले गए थे।

## अतिक्रमणकारियों को पालिका ने दिया नोटिस

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के संडीला मार्ग स्थित पालिका की नजूल की जमीन पर स्थित दुकानों के आगे अन्य दुकानदार अवैधानिक रूप से काबिज हैं। पालिका प्रशासन ने सोमवार को अवैध टिन शेड दुकानों पर नोटिस चस्पा कर अतिक्रमण जल्द हटा लेने का निर्देश दिया है। नगर के संडीला मार्ग स्थित नजूल की भूमि पर स्थित पालिका की दुकानों के आगे ब्रजेंद्र, पिंटू, रवींद्र, मस्तराम, लालता, रामचंद्र, धर्मेंद्र किशोर व लवकुश का बीते कई दशक से अवैध कब्जा है। अवैधानिक ढंग से काबिज इन दुकानदारों द्वारा टिन शेड का निर्माण कर दुकान का रूप भी दे दिया गया है। सोमवार को पालिका प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को भेजकर पालिका की दुकानों के आगे अवैधानिक ढंग से जबरन काबिज अस्थाई दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया।

## सौंदर्यीकरण के नाम पर किया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमण दस्ते का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों को नाले और सड़क के बीच डूडा द्वारा सौंदर्यीकरण के नाम पर कराया गया निर्माण नजर नहीं आ रहा है। इसे लेकर व्यापारी नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है।


शहर के मुख्य मार्ग स्थित सदर चौकी के बाहर किया गया सौंदर्यीकरण।

- व्यापारी नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने साधी चुप्पी

कुछ माह पूर्व डूडा ने करीब सात लाख से आईबीपी चौराहा के पास सदर पुलिस चौकी के सामने नाले व सड़क के बीच सौंदर्यीकरण के नाम पर निर्माण कराया था। इस संबंध में पीओ डूडा एके सिंह ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्य कराया गया था। जबकि हकीकत यह है कि संबंधित स्थल पर सौंदर्यीकरण के तहत न पौधे लगाए गए और न ही कोई जागरूकता संबंधी निर्माण हुआ है। मौके पर चक्र के अलावा रेलिंग के अंदर एक स्टेचू लगाया गया है। इसके अलावा स्लोगन तक नहीं लिखवाए गए हैं। वाहन चालकों की जानकारी के लिए जरूरी अंगुली पर गिने जाने वाले चिह्न तो बने हैं लेकिन, इनका मतलब तक नहीं लिखा है। खास बात यह है कि निर्माण के महीनों बाद अब तक डूडा या पुलिस द्वारा इसका लोकार्पण भी नहीं कराया जा सका है।

### बोले जिम्मेदार

अतिक्रमण अभियान प्रभारी व सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने कहा कि संबंधित निर्माण जनहित में जागरूकता के लिए कराया गया है। साथ ही यह सरकारी निर्माण होने से अतिक्रमण नहीं ठहराया जा सकता है।

# नाले में कचरा, कैसे निकलेगा बारिश का पानी

## लापरवाही : बासित नगर मार्ग स्थित बड़े नाले में भरा है कूड़ा


कचरे से पटा बड़ा गंदा नाला। अमृत विचार

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कूड़े जैसी पगडंडी दिखने वाली यह तस्वीर बासित नगर मार्ग पर जाने वाले सबसे बड़े गंदे नाले की है, जो पूरी तरह से कूड़े कचरे से भरा हुआ है। जिसकी सफाई के लंबे-लंबे दावे पालिका प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं। यह उसकी ताजा तस्वीर है और लापरवाही की मात्र एक बानगी भर है।

यह नाला शहर का सबसे बड़ा गंदा नाला है। वैसे तो नगर में छोटे बड़े 17 गंदे नाले हैं लेकिन जो तस्वीर पाठकों के समक्ष है वह तस्वीर शहर के सबसे बड़े गंदे नाले की है। इस तस्वीर में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि किस तरह से नाले में कूड़ा कचरा फंसा हुआ है और चारों तरफ से जंगली घास उगी है। अभी दो दिन पूर्व ही जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अधिशासी अधिकारियों की एक बैठक बुलाकर बरसात के मद्देनजर गंदे नालों की सफाई करने का फरमान जारी किया है जबकि नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले दो सप्ताह से गंदे नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन अमृत विचार द्वारा एक ऐसी तस्वीर निकाली गई है जो सफाई अभियान की पूरी तरह से पोल खोल रही है। इसी लापरवाही के चलते अधिशासी अधिकारी का जून माह का वेतन रोक दिया गया। गंदे नाले की कचरे से भरी हुई तस्वीर बासित नगर मार्ग पर सीमा द्वार के पास की है। यह गंदा नाला पूरे शहर के छोटे बड़े नालों और नालियों का गंदा पानी एकत्रित करके शहर से बाहर करता है। उसे गंदे नाले का यह हाल है पूरी तरह से पट चुका है पिछले साल हुई एक दिन की बारिश से पूरे शहर में जल भराव हो गया। हालत यह हो गए कि लोगों की दुकानों और घरों के अंदर पानी भर गया और लाखों रुपए का नुकसान हो गया, लेकिन नगर पालिका प्रशासन की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा। पूरी रात लोग जागते रहे और घरों से पानी निकालने का पूरा प्रयास करते रहे। उसके बाद भी लाखों रुपए का नुकसान हुआ। नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह से अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते पंगु हो चुका है। अधिशासी अधिकारी के तैनाती मुख्यालय पर न रुकने के कारण नीचे के अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से बेपरवाह हो गए हैं और कार्य के प्रति कोई रुचि नहीं ले रहे। यही कारण है कि छोटे-छोटे नाले और नालियां पूरी तरह से कूड़े और कचरे से पट चुके हैं जिनकी वजह से जल भराव होता है और भुगतना शहर वासियों को पड़ता है।

# तीन सप्ताह से सड़क पर भरा है गंदा पानी


बाजार शंभा की सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की लापरवाही के चलते बासित नगर मार्ग से दलित बस्ती सैय्यदवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर पिछले तीन सप्ताह से कीचड़युक्त गंदा पानी भरा हुआ है। इधर से गुजरने वाले लोग दीवारों को पकड़कर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, लेकिन लाख शिकायतों के बाद भी नगर पालिका परिषद के कान पर जूं नहीं रेंगी।

बासित नगर मार्ग से सैय्यद वाड़ा की ओर जाने वाला यह मार्ग बाजार शंभा और सैय्यदवाड़ा दोनों वार्डो को डिवाइड करने वाला मार्ग है।

**▸▸ दीवारें पकड़कर निकल रहे हैं मोहल्लावासी**

दोनों वार्डो के लोगों का इस मार्ग से गुजरना है । इस मार्ग पर पिछले तीन सप्ताह से नालियां चोक होने की वजह से कीचड़युक्त गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन लाख शिकायत करने के बाद भी नगर पालिका का एक भी सफाई कर्मी इस गंदे पानी को निकालने के लिए नहीं पहुंचा जबकि अधिशासी अधिकारी स्वच्छता अभियान के लंबे-लंबे दावे कर रहे हैं और पूरे शहर को स्वच्छ और आदर्श बनाने की वकालत करते हैं लेकिन उनके यह दावे हकीकत के ठीक विपरीत है। दलित बस्ती की ओर जाने वाली यह सड़क एक बानगी भर है। ऐसी तमाम सड़कें हैं जिन पर सफाई न होने के कारण कीचड़युक्त गंदा पानी भरा हुआ है। वार्ड सैय्यदवाड़ा और बाजार संभा के दोनों सभासद इस सड़क पर व्याप्त गंदगी के लिए जिम्मेदार हैं लेकिन दोनों सभासदों ने इस सड़क की ओर देखना मुनासिब नहीं समझा।

नई बस्ती, बजरिया, सैय्यद वाड़ा, बाजार शंभा के लोग इसी गली से होकर बाजार तक जाते हैं कितनी मुसीबत के बीच इस मोहल्ले के लोग गुजर रहे हैं यह सड़क पर गंदगी देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एक नजर

### परिवार के साथ लखनऊ से लौट रहे युवक की पिटाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के आंझी रेलवे पुल के नीचे लखनऊ से पत्नी और भतीजी के साथ लौटे युवक के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर निवासी अतुल गुप्ता पुत्र परमेश्वर दीन ने बताया वह सुबह 9 बजे लखनऊ से ट्रेन से वापस आया। साधन न मिलने पर पत्नी रेनू और भतीजी अर्चना के साथ पैदल ही चल दिया। रेलवे पुल के नीचे क्रांति पुत्र राजेंद्र निवासी सिकंदरपुर कल्लू उसे गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसे लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने आकर उसे बचाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उधारी के लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौरोजपुर में उधारी के लेन-देन में मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों से तीन घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौरोजपुर निवासी कलेक्टर ने बताया वह सोमवार की शाम गांव के मलखान की किराने की दुकान पर उधारी के 160 रुपए देने गया था।रुपए लेने के बाद विपक्षी ने उसे गाली गलौज करना शुरू कर दिया।गाली देने से मना करने पर विपक्षी ने उसे लात घूंसों और डंडे से मारा पीटा शोर सुनकर उसकी पत्नी बचाने आई विपक्षी ने उसे भी मारा पीटा। दूसरे पक्ष के मलखान ने बताया विपक्षी कलेक्टर पर उसके उधारी के रुपए काफी दिन के थे। मांगने पर नहीं दे रहा था। सोमवार शाम को भी उसने अपना पैसा मांगा तो विपक्षी ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की।

# रुपये देने से मना करने पर दी गई थी थर्ड डिग्री

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली पहुंचें फरियादी को थर्ड डिग्री देने वाले सिपाहियों की जांच शुरु हो गई है। सण्डीला कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबिल श्रवण कुमार वर्मा,प्रवीण प्रकाश और राजीव ने फरियादी से 15 हज़ार रुपये मांगे,लेकिन जब उसने इतने रुपये देने से इंकार किया तो उसे इस तरह से थर्ड डिग्री दी गई कि वह बेहोश हो गया और उसी बेहोशी की हालत में उसे सीएचसी ले जा कर रस्मी तौर पर मेडिकल कराया और फिर दफा 151 में

**▸▸ फरियादी को पीटने वाले सिपाहियों की शुरु हुई जांच**

चालान कर दिया। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने सीओ सण्डीला की जांच रिपोर्ट पर तीनों हेड कांस्टेबिलों को लाइन हाज़िर कर दिया था,लेकिन अब उनकी जांच भी होगी।

बताते चलें कि सण्डीला कोतवाली के महमूदपुर तिगावां मजरा बहादुरपुर निकासी राजकमल ने 20 जून को एसपी को एक शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उसने कहा था कि गांव के ही गंगाराम ने 17 जून को उसके साथ मारपीट की थी। जिसकी तहरीर ले कर 18 जून को वह कोतवाली पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने उसकी फरियाद नहीं सुनी बल्कि उसे ही कोतवाली में ही रोक लिया था।राजकमल ने आगे कहा कि हल्का सिपाही श्रवण कुमार वर्मा,प्रवीण प्रकाश व राजीव ने गंगाराम को कोतवाली बुलाया,उसी के सामने उसका मोबाइल ले लिया,आरोप है कि 15 हज़ार रुपये मांगे। राजकमल के रुपये देने से करने पर तीनों कांस्टेबिल पटे से उसकी पिटाई करने लगे। थर्ड डिग्री देने से वह बेहोश हो गया तो उसे सण्डीला सीएचसी ले जा कर उसका मेडिकल कराया और दफा 151 में उसका चालान कर दिया। इस पर एसपी श्री गोस्वामी ने सारे मामले की जांच सीओ सण्डीला शिल्पा कुमारी को सौंपी थी। सीओ ने फरियादी राजकमल के बयान दर्ज करते हुए गहराई से जांच कर अपनी रिपोर्ट एसपी भेज दी। सीओ की रिपोर्ट पर एसपी ने रविवार की रात में हेड कांस्टेबिल श्रवण कुमार वर्मा, प्रवीण प्रकाश व राजीव को लाइन हाज़िर कर दिया था, लेकिन उसके बाद अब अलग से उनकी जांच कराई जाएगी।

# पंखे में उतरा करंट बुजुर्ग की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खाना खाने के बाद सोने गए बुजुर्ग ने जैसे ही पंखा लगाना चाहा,उसी बीच उसमें करंट उतर आया और उसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के सदुल्लीपुर किसानन पुरवा निवासी 62 वर्षीय आशाराम खेती-बाड़ी करता था। सोमवार की रात को खाना खाने के बाद आशाराम सोने के लिए गया, उसने जैसे ही वहां रखा पंखा लगाया, उसी बीच करंट उतर आया और बुजुर्ग उसकी चपेट में आ गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। घर वाले बुजुर्ग आशाराम को सीएचसी सवायजपुर ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। आशाराम के परिवार में 7 बेटे और एक बेटी है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# गौशाला बनी मौत की शाला

हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड हरियावां के शाहपुर बिनौरा में स्थित गौशाला में बेजुबान मवेशियों को ठिकाना देने के लिए प्रदेश सरकार ने गांव-गांव गौशाला बनवा कर और उनके खान-पान और रहन-सहन के बंदोबस्त के लिए खूब खजाना लुटाया। फिर भी अनदेखी की वजह से गौशाला में बंधे बेसहारा बेजुबान मवेशियों का हाल बेहाल है। गौशाला में बांधकर रखे गए मवेशी बिना चारा पानी और बिना इलाज के कारण गोवंश अपनी दम तोड़ देते हैं।


गौशाला में मृत पड़े मवेशी। अमृत विचार

हरियावां ब्लॉक के शाहपुर बिनौरा के गौशाला में देखने को मिला धूप, भूख और प्यास के बिना तड़प कर मर जाते हैं। कुछ ऐसे गोवंश, जो बीमार होते हैं, उनका ठीक समय से इलाज नहीं हो पाता, वो भी मर जाते हैं। गौशाला के जिम्मेदार लोग आते ही नहीं हैं। कम से कम बीमार गोवंश की देखरेख हो सकती है। गौशाला के जिम्मेदारी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की होती है, उनकी ही निगरानी में गौशाला का संचालन होता है।

# बच्चे की रजबहे में डूबने से मौत

**हरदोई/बिलग्राम, अमृत विचार।** मंदिर के पास खेल रहा चार साल का बच्चा बगल से निकले रजबहे के पास पहुंचा और पैर फिसलने से उसी में गिर पड़ा। जब तक उसे बाहर निकाला गया,उससे पहले ही उसकी सांसे थम चुकी थीं। इकलौते बेटे की इस तरह हुई मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

बताया गया कि बिलग्राम कोतवाली के जरौली शेरपुर निवासी सुभाष का एक चार वर्षीय इकलौता बेटा सत्यम मंगलवार को घर के पास मंदिर परिसर में खेल रहा था। वहीं से खेलते-खेलते बगल से निकले रजबहे के पास पहुंचा और किसी को कुछ पता भी चला,पैर फिसलने से वह उसी रजबहे में गिर पड़ा। उसी बीच वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे रजबहे में गिरते हुए देखा और उसे बचाने के लिए दौड़े और बच्चे को रजबहे से बाहर निकाला, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। लेकिन फिर भी घर वालों को तसल्ली देने के लिए गांव वाले उसे सीएचसी ले गए, वहां मौजूद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने खोया बैग दंपति को सौंपा

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने दम्पत्ति का गिरा बैग दम्पत्ति को सौंप दिया। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि थाना बेनीगंज के ग्राम गंगापुर निवासी विवेक सिंह 22 जून को बाइक द्वारा अपनी पत्नी के साथ संडीला आ रहे थे, जब वह बांगरमऊ मार्ग स्थित हरदलमऊ के निकट पहुंचे तो उनकी पत्नी का बैग रास्ते मे गिर गया था। जिसमें सोने चांदी के जेवर व मोबाइल था जिसकी गुमशुदगी कासिमपुर थाने में दर्ज कराई थी। संडीला निवासी रितेश सिंह लकी को बैग राजू नाम के व्यक्ति को मिला है रितेश ने तत्काल यह सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद टीम मे हेड कंस्टेबल राघवेंद्र सिंह व सिपाही आशीष सिंह के साथ रितेश सिंह पत्रकार ने सोमवार को थाना कासिमपुर के ग्राम पुरवा निवासी राजू से पूछताछ की, जिसमे उसने बताया कि 22 जून को संडीला से मजदूरी कर वापस अपने घर लौट रहा था, जब वह हरदलमऊ के पास पहुंचा तो उसे लावारिस हालत में एक बैग मिला। जिसे घर ले जाकर देखा तो उसमे गहने व मोबाइल थे, उसने गहनों से भरा बैग संडीला कोतवाली में जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। जिससे लोग राजू की ईमानदारी की तारीफ कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बैग में मिले गहने चार अंगूठी एक चेन दो जोड़ी पायल, मंगल सूत्र दो हजार नगदी एवम मोबाइल विवेक सिंह के सुपुर्द कर दिया गया है।


गहनों से भरा बैग दंपति को सौंपती पुलिस।

### सड़क किनारे लगे हैं कूड़े के ढेर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार स्वच्छता को लेकर तमाम अभियान चला रही है। स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सरकार की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। नगर में सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। मुख्य मार्ग से लेकर मोहल्ले में सड़क किनारे कचरे के ढेर दिखाई पड़ते हैं। खाली प्लाटों में भी कचरा जमा रहता है। मोहल्ले में गंदगी से लोगों का जीना दूभर रहता है, जबकि पालिका सफाई व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा कर रहा है। नगर के गुलाबबाड़ी चुंगी के निकट स्टार हॉस्पिटल के सामने लगे कूड़े का ढेर बीमारियों को दावत दे रहा है। कई बार मोहल्लेवासियों ने सफाई नायक से सफाई कराने को कहा। उनके कान पर जूं नहीं रेंग रही है।


सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर।

### व्यापार मंडल ने कराया भंडारा, जुटी भीड़



**हरदोई, अमृत विचार।** व्यापार मंडल महामंत्री अवधेश गुप्ता ने मंगलवार को गोपी मार्केट में अपने प्रतिष्ठान पर भंडारा का आयोजन किया। बालाजी हनुमान की विधि विधान से पूजा कर मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने शुरुआत की। जिसमें कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। इस गर्मी के मौसम में इस तरह के आयोजनों से आवागमन करने वालों को बूंदी, मिष्ठान, पूड़ी, सब्जी प्रसाद ग्रहण कर राहत मिलती है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला, व्यापार मंडल संरक्षक रामखेलावन गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवी गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि सिद्धपाल, गोपाल गुप्ता, सीएस गुप्ता आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में बोलते शंकर लाल लोधी। अमृत विचार

### आपातकाल की भाजपा नेताओं ने की निंदा

**हरदोई, अमृत विचार।** आपातकाल की बरसी पर भाजपा कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें आपातकाल लागू होने वाले नुकसानों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने अपने संबोधन में कहा, जो कांग्रेस के नेता आज संविधान की किताब दिखाकर तरह-तरह के झूठ पर प्रपंच कर रहे हैं। उसी कांग्रेस ने संविधान को समाप्त कर इमरजेंसी लगाई, सबके मौलिक अधिकार समाप्त हो गए थे। मीडिया पर सेंसर लगा दिया गया था। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा, जो स्वयं संविधान के हत्यारे हैं, लगातार संविधान दिखाकर लोगों में झूठ और भ्रम फैला रहे हैं, बगुला भगत बन रहे हैं, जनता को इनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। गोष्ठी को लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिला अध्यक्ष रामकिशन राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याराम वर्मा, श्रीकृष्ण शास्त्री, राजीव रंजन मिश्रा, राम बहादुर सिंह सहित कई भाजपाइयों ने संबोधित किया।

# किसान यूनियन ने दूसरे दिन भी दिया धरना

## एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में चल रहा किसान यूनियन सम्राट का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी ने अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशनकारियों से बात करना मुनासिब नहीं समझा। उधर किसान नेता ने भी तहसीलदार से समस्यायों के निराकरण के लिए लिखित आदेश लेकर ही धरना समाप्त करने की बात कही है।

अनशन स्थल पर बैठे राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश मौर्य ने बताया विकास खंड टोडरपुर के ग्राम जमालपुर में किसानों की पट्टे की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है जिसको लेकर तमाम बार कब्जा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों से शिकायत की, परंतु पट्टे की वह जमीन कब्जा मुक्त नहीं हो सकी और किसान दर-दर की ठोकर खा रहे हैं।किसान यूनियन ने किसानों की 9 सूत्रीय समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था। जिस पर तहसीलदार नरेंद्र यादव ने मौखिक निराकरण का आश्वासन देकर धरना समाप्त करने के लिए कहा। किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में चल रहा किसान यूनियन सम्राट का धरना एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया।


शाहाबाद तहसील मुख्यालय में धरने पर बैठे किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके ससुराल वालों ने बताया कि महीनों से पेट दर्द से परेशान रहती थी, उसी के चलते मौत हुई। जबकि पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि साण्डी थाने के जटपुरा निवासी विपिन की 30 वर्षीय पत्नी रुचि देवी की सोमवार को तबियत बिगड़ गई। उसे सीएचसी साण्डी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। ससुराल वालों का कहना है कि उसका लखनऊ तक इलाज कराया गया, लेकिन कहीं से कोई फायदा नहीं हुआ।

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर बघौली रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन 28 को

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी ने प्रदर्शन और ज्ञापन को लेकर आह्वान किया है। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की ओर से 28 जून को बघौली रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया है।

प्रदर्शन को लेकर रेलवे सुरक्षा बल अभी से मुस्तैद हो गया है। पहले भी बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर किसान संगठन प्रदर्शन व मांग कर चुके हैं। किसानों द्वारा मंडल के अधिकारियों से भी बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा चुकी हैं। कुछ महीने पूर्व किसान यूनियन द्वारा बड़े पैमाने पर एकत्र होकर बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव समेत अन्य मांगो को जिला प्रशासन से की थी। हालांकि जिला प्रशासन स्तर से पूरी होने वाली मांगों पर जिला प्रशासन ने विचार कर कार्य शुरू करा दिया, लेकिन किसान यूनियन की बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी मंडल अध्यक्ष लखनऊ राघवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि लगातार हमारी यूनियन बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रही है।

# जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले सदस्य विधान परिषद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

बतातें चलें विकासखंड कछौना की प्रमुख समस्या ग्राम कन्हौआ के आवागमन के लिए मार्ग नहीं है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद गांव को आगमन हेतु कोई पक्का मार्ग नहीं है। बरसात के समय ग्रामीणों का आवागमन बंद हो जाता है। गांव को इमरजेंसी वहां 112, एंबुलेंस 108, 102 नहीं पहुंच पाते हैं। गांव की पूरब दिशा में रेलवे लाइन है, दूसरी तरफ ड्रेन (बरसाती नाला) है। एक तरफ पुल की नितांत आवश्यकता है। वहीं क्षेत्र की प्रमुख मार्गो ज्ञानपुर मार्ग से पलिया डीह तक संपर्क मार्ग, बरौली डामर रोड से ढोली गांव तक मार्ग, पहाड़पुर डामर रोड़ से रेलवे लाइन मार्ग, बालामऊ गांव से नारायण देव तक मार्ग, बालामऊ गांव से महेशन मढ़िया तक मार्ग, लखनऊ हरदोई मार्ग से कीरतपुर तक संपर्क मार्ग आदि का जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य कराने की विषय में अवगत कराया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम होगा।

# आखिर मास्टरमाइंड को क्यों दी गई छूट !

## शव से लूट का मामला : नाकाफी मानी जा रही है बर्खास्तगी की कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी (शव) के साथ लूट करने वाले जिन दो आउट सोर्सिंग कर्मियों को बर्खास्त किया गया है,उसके बाद एक सवाल बड़े ज़ोर से उठाया जा रहा है कि ऐसा करने में कोई तो मास्टरमाइंड होगा,फिर से क्यों छूट दी गई, की गई जांच में उसे दूर क्यों रखा गया? कुछ का कहना है कि सीएमओ को सारा कुछ पता रहता है,उन्हीं के कहने पर मास्टरमाइंड को बचाने के लिए एक दायरे में रहते हुए जांच की गई। माना जा रहा है कि अगर पूरी ईमानदारी से जांच की जमें तो मास्टरमाइंड का बड़ी आसानी से पता चल सकता था। फिलहाल सीएमओ की बर्खास्तगी वाली कार्रवाई नाकाफी मानी जा रही है।

'अमृत विचार' ने पोस्टमार्टम के दौरान डेड बाडी के साथ लूट किए जाने का खुलासा किया, उसी के बाद से उसमें शामिल लोगों में खलबली मची हुई थी। माना जा रहा था कि सारा कुछ आईने की तरह साफ होते हुए भी सीएमओ ने फौरी कार्रवाई करने से गुरेज़ किया और जांच कराने की बात कह कर शामिल लोगों को अपना बचाव करने का पूरा मौका दिया। उसके बाद जांच रिपोर्ट आते ही आउटसोर्सिंग कर्मी रूपेश पटेल और वाहिद को बर्खास्त करने का फरमान जारी कर दिया। सवाल उठाए जा रहे हैं कि डेड बाडी से लूट करने में सिर्फ वही दो आउटसोर्सिंग कर्मी शामिल थे? कोई न कोई मास्टरमाइंड तो होगा है। क्योंकि लूट के माल में छोटा हो या बड़ा, सभी का हिस्सा लगता था,तो फिर की गई कार्रवाई से उन्हें दूर क्यों रखा गया? फिलहाल सीएमओ की बर्खास्तगी वाली कार्रवाई नाकाफी मानी जा रही है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि जानबूझ कर कार्रवाई करने में नरमी बरती गई।

### 60 प्रतिशत हिस्सेदारी वालों को दी गई छूट

**हरदोई।** सीएमओ की कार्रवाई को ले कर कहा जा रहा है कि लूट के माल में 60 प्रतिशत के हिस्सेदार रहने वालों को क्यों छूट दी गई। जबकि 10-10 के हिस्सेदार रहने वाले आउटसोर्सिंग कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी उसी मास्टरमाइंड की रहती थी,जिसको जानबूझ बचाया गया। बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद और भी तमाम खुलासे हो सकते है,जिसे ले कर सुगबुगाहट शुरु हो गई है।

## एक नजर

### डॉ. पंकज मिश्रा फिर बने नोडल अधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। सीएमओ डा. रोहिताश्व ने डिप्टी सीएमओ डॉ. पंकज मिश्रा को उन्हें पहले के सारे चार्ज वापस लौटाते हुए बावन सीएचसी के अधीक्षक की भी ज़िम्मेदारी सौंपी है। सीएमओ ने बावन सीएचसी अधीक्षक डॉ. विनीत तिवारी और नोडल अधिकारी अहिरोरी सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज सिंह को अपने-अपने चार्ज डॉ. पंकज मिश्रा को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### रोजगार मेला कल

हरदोई, अमृत विचार। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कल आईटीआई हरदोई में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि मेले में 10 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों द्वारा 400 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

### सुलह न करने पर दबंगों ने की मारपीट

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के रहुला गांव में दबंगों ने सुलह न करने पर पीड़ित नवी हसन पुत्र नूर अली और उसकी पत्नी सदरून व बच्चे जीशान, एहसान, मुस्कान पुत्री नबीहसन की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित नबी हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही सुखेश, बबलू के ऊपर पूर्व में मारपीट का पीड़ित नबी हसन द्वारा मुकदमा लिखाया गया था, जिसको लेकर दबंग बबलू शोएब लगातार पीड़ित नबी हसन से मुकदमे में सुलह कराने का दवाब बना रहे थे। जब पीड़ित नबी हसन ने समझौता करने से मना कर दिया तो दबंगों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसमें पति-पत्नी समेत बच्चों के भी अंदरुनी चोटें आई हैं।

# झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

## तेज हवा में 33 केवी लाइन पर टूट कर गिरा पेड़, सैकड़ों घरों की बिजली गुल



बारिश में भीगते हुए लोग। अमृत विचार



बारिश के दौरान गुजरती कार। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। आषाढ़ का महीना शुरू होते ही झमाझम बारिश से मंगलवार को जिले वासियों को राहत मिली। महीने भर से भयंकर गर्मी झेल रहे लोगों को इस पहली झमाझम बारिश में काफी राहत दी, बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है।

बताते चलें कि पिछले एक महीने से जबरदस्त गर्मी का लोगों को सामना करना पड़ रहा था। पूरा जेठ का महीना तपता रहा। लोग गर्मी व धूप से बेहाल हो गए। मंगलवार की दोपहर बाद बदले मौसम में लोगों को राहत दी। इस मौसम की बारिश आधा घंटा जमकर हुई। बिजली कड़कने के साथ आधे घंटे की बारिश ने मौसम में काफी परिवर्तन ला दिया। झमाझम बारिश में लोगों को जहां गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। अब धान की फसल तैयार करने में आसानी हो जाएगी।

वहीं तेज हवा के साथ आई बारिश के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई काले घने बादलों से दिन में रात का एहसास होने लगा। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के बीच पेड़ 33 केवी लाइन पर गिर पड़ा, जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। बारिश से पैदा हुई उमस और ऊपर से बिजली की बेवफाई से लखनऊ रोड व लखनऊ चुंगी के लोग बेहाल हो कर घरों से बाहर निकल पड़े। खबर लिखे जाने तक पॉवर कारपोरेशन की टीम बिजली बहाल करने के लिए जुटी हुई थी।



बिलग्राम चुंगी पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

इस बारे में एसडीओ ने बताया कि पेड़ गिरने से 33 केवी की लाइन डैमेज हो गई, उसी वजह से सप्लाई नहीं आ रही है। पॉवर कारपोरेशन की टीम जुटी हुई है। जल्द ही सप्लाई शुरु हो जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि बारिश में इस तरह की परेशानी हो जाती है।

# सौंदर्यीकरण के बाद तालाब फिर बदहाल

## जगह-जगह टूट गई रेलिंग, सूख गया तालाब, गायब हो गई पैडल बोट

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नगर के शहीद उद्यान स्थित तालाब का तत्कालीन जिलाधिकारी ने सौंदर्यीकरण कराया था। तालाब के चारों ओर रेलिंग लगाई गई थी। तालाब में पानी भरकर पैडल बोट डलवाई गई थी। तालाबों के चारों ओर सोलर लाइटें लगवाई गई थी, जिससे लोग यहां पर बैठ कर सुकून से बैठ सके। तालाब में बोटिंग का आनंद ले सके।

जिलाधिकारी के जाने के बाद जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते तालाब सूख गया। जिसमें अब लोग क्रिकेट खेलते हैं। पैडल बोट का पता नहीं है। तालाब की सुंदरता बढ़ाने के लिए, चारों ओर से लगाई गई स्टील की रेलिंग टूट चुकी है। टहल पथ के किनारे लगी लाइटें गायब हो गई। जिस तालाब को भरने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च किया गया। उसी तालाब में अब धूल उड़ रही है। पैडल बोट का आनंद अब नागरिक नहीं ले पा रहे हैं। तालाब की ओर जाने वाली सीढ़ियों के किनारे आकर्षक रेलिंग लगाई गई थी जो उखड़ चुकी है। तालाब के सुंदरीकरण का उद्देश्य यह था कि लोग यहां पर आकर फुर्सत के पलों को गुजार सके। टहलने वाले बिजली की दूधिया रोशनी में रात को टहल सके, लेकिन जिलाधिकारी के जाते ही तालाब के बुरे दिन शुरू हो गए। जिम्मेदारों ने तत्कालीन जिलाधिकारी के जाने के बाद तालाब की ओर रुख करके भी नहीं देखा।



सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार



टूटी हुई रेलिंग। अमृत विचार



टूटी हुई लाइटें। अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज की सीटी स्कैन यूनिट की बहाली में रोड़ा

## एसी के बिना यूनिट की बहाली में अभी लग सकते हैं और दिन

संवाददाता, हरदोई



एसी सही करता मैकेनिक। अमृत विचार

अमृत विचार। आखिरकार पैरवी पर पैरवी करने के 24वें दिन मेडिकल कालेज की सीटी स्कैन मशीन सही तो हो गई, लेकिन उससे पहले खराब पड़ी एसी की सूरत वैसी की वैसी ही है। कहा जा रहा है कि एसी के बिना सीटी स्कैन यूनिट की बहाली में अभी और दिन लग सकते है। हालांकि प्रिंसिपल के बेहतर सुपर विजन में उसे सही करने की कवायद और तेज़ हो गई है।

बताते चलें कि मेडिकल कालेज की सीटी स्कैन यूनिट ठप पड़ी हुई थी। वहां लगी एसी के खराब होने से हीट होने से मशीन के केबिल फुंक गए। पिछली 1 जून से पूरी यूनिट ठप थी। उसके लिए मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल और सीएमएस ने लखनऊ से ले कर दिल्ली तक तमाम चिट्ठी लिखी साथ ही पैरवी पर पैरवी की, तब कहीं कंपनी को मरीजो की मुश्किलों का एहसास हुआ। इंजीनियरों की टीम ने सोमवार को 24वें दिन सीटी स्कैन मशीन तो सही कर दी, लेकिन एसी अभी भी खराब पड़ी है। कहा जा रहा है कि अगर बगैर एसी के सीटी स्कैन मशीन आन की गई तो हीट हो कर उसके दोबारा फेंकने के आसार बन सकते हैं। फिलहाल एसी के खराब होने से सीटी स्कैन यूनिट की बहाली में अभी और कुछ दिन लग सकते हैं। हालांकि प्रिंसिपल के सुपर विजन में उसे सही किए जाने की कवायद और तेज़ हो गई है।

## संचारी रोग दस्तक अभियान एक जुलाई से

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद संडीला कार्यालय में संचारी रोग दस्तक अभियान की बैठक अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में बताया गया कि संचारी रोग दस्तक अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। जिसमें सभी नागरिकों को सलाह दी गई कि वह अपने घर के आस पास कूड़ा व पानी एकत्रित नहीं होने दें और अपने अपने कूलरों का पानी समय-समय पर बदलते रहे। इस प्रकार नगरवासी मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बच सकते हैं। इस बैठक में यूनिसेफ से बीएमसी संजीव शुक्ला, लेखा लिपिक व स्वास्थ्य लिपिक प्रकाश कुमार, समस्त वार्ड सभासद हसन मक्की, बच्चू, फैय्याज, हाफिज, अजय द्विवेदी, निहाल, आदि सभासद व पालिका का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

## अवैध पुलिया को हटाने की मांग

हरदोई, अमृत विचार। भट्ठा मालिक ने नदी के ऊपर अवैध रूप से पुलिया बना दी है, जिससे बरसात में खेतों में जलभराव की आशंका है। जलभराव होने से किसानों की कई बीघे की फसल बर्बाद हो जाएगी। इस पुलिया को हटवाए जाने की मांग को लेकर किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने आए विकास खंड पिहानी के ग्राम सभा ऐड़ा खेड़ा के ग्रामीणों ने कहा कि इटारा गांव के पास भैंसटा नदी पर एक भट्ठा मालिक ने बांधनुमा पुलिया बनवा दी है, जिससे नदी का पानी निकलना मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकराल हो जाएगी। जलभराव होने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल पानी में डूब जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मौके की जांच कराकर पुलिया को हटवाए जाने की मांग की है। जिला प्रशासन को प्रदर्शनकारियों ने एक ज्ञापन सौंपकर अपनी फरियाद लगाई। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रगट सिंह, राज बहादुर सिंह यादव, रंजीत सिंह, रामनिवास सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# किसान खेतों में फसल अवशेष को न जलाएं

हरियावां, हरदोई

**विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला, गोष्ठी व प्रदर्शनी आयोजित**

अमृत विचार। ब्लाक के परिसर में कृषि निवेश मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया किया। विकास खंड अधिकारी डॉ. निधी राठौर ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान अपने खेतों में फसल अवशेष न जलाएं। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है जमीन के लाभदायक जीवाणु नष्ट होते हैं, जिससे फसलों की पैदावार कम होती है। अवशेषों को जलाने की सरकार द्वारा ड्रोन से निगरानी की जा रही है जिसमें सजा एवं जुर्माने का भी प्रावधान है।

खंड विकास अधिकारी ने किसानो से अपील करते हुए कहा कि सजा एवं जुर्माने से बचें पराली आदि को गौशालाओं में देकर एक ट्राली गोबर की खाद लेने का फायदा उठाएं। मुख्य अतिथि द्वारा कई किसानों को बाजरा बीज किट मुफ्त में बांटी गई। मेले में रासायनिक दवाइयों एवम धान के बीजों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि प्रसार अधिकारी विनीत शुक्ला ने पीएम किसान निधि की समस्यायों के बारे में बताया कि जिन किसानों की निधि नहीं आयी है वह अपने खाते को एनपीसीआई से लिंक कराएं। खेतों में अच्छी पैदावार के लिए उन्नत कृषि बीजो का प्रयोग करें।

पशु चिकित्सा अधिकारी संजीत सचान ने किसानों को गला घोंटू बीमारी के उपचार व बचाव के सुझाव बताए।

# शहीदों की मूर्तियां जल्द स्थापित कराने के निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सैनिक बंधु की बैठक**

अमृत विचार। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को साझा किया। सैनिक बंधु की बैठक में शहीदों की मूर्तियां जल्द स्थापित कराने की बात कही गई।

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पूर्व सैनिकों को चिन्हित दुकानें जल्द से जल्द आवंटित करने के निर्देश दिए। पूर्व निर्धारित दोनों शहीदों की मूर्तियां जल्द स्थापित करायी जाएं। शहीदों के ग्रामों में शहीद के परिवार के साथ कार्यक्रम कराया जाये। शहीद के परिवार के सदस्य द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाये। पूर्व सैनिकों के साथ होने वाली साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये। पूर्व सैनिकों के साथ सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। इस अवसर पर समस्त सम्बंधित अधिकारी व पूर्व सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

# संचारी रोग अभियान पर विशेष साफ-सफाई के दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नगर पालिका हरदोई के सभागार में मंगलवार को अध्यक्ष सुखसागर मिश्र ने संचारी रोग अभियान पर विशेष साफ सफाई के निर्देश दिए। संचारी रोग संबंधित कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि साफ सफाई हमें रोगों से मुक्ति दिलाती है।

एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने सभी सफाई नायकों को अपने-अपने वार्डों में विशेष अभियान चलाते हुए सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने वार्डों में खाली प्लाटों, नालियों, गलियों की समुचित सफाई कराना सुनिश्चित करें और साथ ही एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। सभी नगर वासियों से अपील की है कि सभी अपने घरों के आस-पास पानी न इकट्ठा होने दें और सफाई बनाए रखें, जिससे मच्छर न उत्पन्न हो सके। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने सुचारू रूप से जलापूर्ति हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# जयपुरिया ने एप्टेक इलेवन को दी पटखनी

संवाददाता, हरदोई



पुरस्कार के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को एप्टेक अंडर-16 कप का फाइनल मैच जयपुरिया स्कूल इलेवन व एप्टेक इलेवन के मध्य खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया इलेवन के कप्तान शास्वत मिश्रा ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने निर्धारित 35 ओवर में 6 विकेट खोकर 246 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से अम्बुज पाण्डेय ने सर्वाधिक 69 रन, सक्षम गुप्ता 46 रन, विवेक ने 28 रनो का योगदान किया।

फाइनल मैच में पुरस्कार का वितरण अनूप पुरी, गिरीश डिडवानिया, गौरव यादव, राधा कृष्ण गुप्ता के द्वारा किया गया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच शास्वत मिश्रा को मिला जिन्होंने 25 रन बनाए व 2 विकेट लिए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सक्षम गुप्ता को मिला 3 मैच 154 रन। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शास्वत मिश्रा को मिला 3 मैच 9 विकेट। बेस्ट कीपर का पुरस्कार लक्ष्मी नारायण मिश्रा को मिला। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार राजन को मिला। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार शास्वत मिश्रा को मिला 3 मैच 9 विकेट, 25 रन। बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार 3 मैच में 122 रन व 4 विकेट लेने वाले सूर्य कुमार को मिला। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व अनुज वर्मा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। मैच के दौरान, अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, सौर्य वर्धन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## 11 जुलाई को मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस

हरदोई, अमृत विचार। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जायेगा। इसको मनाये जाने का उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना और परिवार कल्याण कार्यक्रम को गति देना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहताश कुमार ने बताया कि इस साल विश्व जनसंख्या दिवस की थीम है, मां और बच्चे की सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतर। जनसंख्या नियंत्रण पखवारा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत 27 जून से 10 जुलाई तक दूसरा चरण कम्युनिटी मोबिलाइजेशन और 11 से 24 जुलाई तक सेवा प्रदायगी पखवारा मनाया जाएगा। प्रारंभिक चरण में लक्षित दंपतियों को प्रेरित किया गया।

# अपनों की दुर्दशा से मुख्यमंत्री को कराया अवगत

## भाजपा नेता ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट, बयां किया निष्ठावान कार्यकर्ताओं का दर्द

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। काफी अरसे से भाजपा की सेवा में लगे सुनील शुक्ला ने अपनी ही सरकार में भाजपा में समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं की दुर्दशा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, वहीं प्रदेश में अधिकारियों के बेलगाम होने व जमकर भ्रष्टाचार की बात भी उन्होंने कही। भाजपा नेता की सोशल मीडिया पर की गई यह पोस्ट तमाम प्रश्न खड़े कर रही है। इस पोस्ट की चर्चा जिले से लेकर प्रदेश तक हो रही है।

बताते चलें कि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने अपनी पोस्ट में पुलिस द्वारा की गई अभद्रता को दर्शाया। इसी पोस्ट को टैग करते




सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट।

हुए खांटी भाजपाई सुनील शुक्ला ने सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं का दर्द बयां किया है। अपनी पोस्ट में सुनील शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं चल रही है। अधिकारी व कर्मचारी बेलगाम होकर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने थाना, तहसील, आरटीओ, समाज कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग में जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की बात कही है। सुनील शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा समर्थित कर्मचारी व अधिकारी भाजपा को सत्ता से हटाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री को गलत फीडबैक देकर गुमराह किया जा रहा है। जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिससे सरकार की बदनामी हो। यही नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं के वोट लोकसभा चुनाव में भारी संख्या में काट दिए गए। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं की यह सुनने वाला नहीं है। जनपद से लेकर प्रदेश तक दलाल, बेईमान सत्ता दल में शामिल हो गए हैं। दूसरे दल के नेताओं ने निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ताओं को पीछे कर दिया है। खनन माफिया, जुआ अड्डा चलाने वाले को पार्टी में स्थान दिया जा रहा है, जिससे निष्ठावान समर्पित निष्ठा कार्यकर्ताओं का उत्साह समाप्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ईमानदारी व मेहनत से कार्य कर रहे हैं। सत्ता और संगठन के लोग धनार्जन में लगे हुए हैं। पुराने कार्यकर्ता ऐसी स्थिति में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने में मिल चुका है। उन्होंने यह पोस्ट मुख्यमंत्री सहित तमाम भाजपा नेताओं को टैग की है।

खांटी भाजपाई सुनील शुक्ला की यह पोस्ट जिले ही में ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी चर्चा हो रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला- हरदोई

पत्रांक: 212/न0पा0/नि0वि0/15वां वि0आ0/2024-25 दिनांक: 25.06.2024

### ई-टेण्डरिंग-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सण्डीला द्वारा वर्ष 2024-25 में 15वॉं वित्त आयोग के अधीन प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासनादेश संख्या-3890/ नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 का अनुपालन करते हुये आनलाइन निविदाएं https//etender.up.nic.in पर दिनांक 27.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 18.07.2024 को सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्य की निविदा के अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों की प्रतियां निविदा के साथ 10% धरोहर धनराशि की रा0व0पत्र अथवा एफ0डी0आर0 (राष्ट्रीयकृत बैंक) अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक कराकर टेण्डर स्वीकृति के पश्चात कार्यालय में अनुबन्ध के पूर्व उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। दिनांक 19.07.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक बन्द लिफाफों में व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपलब्ध करायें।

| S. No. | नगर पालिका परिषद सण्डीला/ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | - | 27.06.2024 11AM | - |
| 2. | | Tender Download | 27.06.2024, 11AM | 18.07.2024, 05PM |
| 3. | | Bid Submission | 27.06.2024, 11AM | 19.07.2024, 01 PM |
| 4. | Close for Bid | | 18.07.2024, 05 PM | - |
| 5. | Technical Bid Opening | | 20.07.2021, 12AM | - |
| 6. | Finance Bid Opening | After Approval of Technical Bid | | |

अन्य शर्तें कार्य विवरण ई-टेण्डर वेबसाइड https//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

(विजेता गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सण्डीला

(मो0 रईस अन्सारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सण्डीला

## एक नजर

### सुरभि राय बनीं लहरपुर की तहसीलदार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। तहसीलदार लहरपुर मनीष कुमार त्रिपाठी का स्थानांतरण तहसीलदार महमूदाबाद के पद पर किया गया। उनके स्थान पर महमूदाबाद तहसीलदार सुरभि राय को लहरपुर का तहसीलदार बनाया गया है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार अतुल सेन को नायब तहसीलदार लहरपुर नियुक्त किया गया है और वह तहसीलदार लहरपुर के अवकाश पर होने तक प्रभारी तहसीलदार के रूप में कार्यों का संपादन करेंगे।

### बिना वोटिंग कर दिया नये कोटेदार का चयन

थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार। रेउसा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा वैन सोहलिया में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान संचालक भगौती ने इसी वर्ष के फरवरी महीने में आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद उक्त कोटे की दुकान को पड़ोस की ग्राम सभा परसिया में अटैच कर दिया गया था। सोमवार को ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरी की मौजूदगी में कोटे के नए संचालक का चयन किया गया है। शिल्पी व सावित्री के बीच एकत्र ग्रामीण को दो टोलियों में बांट कर सावित्री के पक्ष में कोटे की दुकान आवंटित कर दी गयी। शिल्पी का आरोप है कि दावेदारी के बिना वोटिंग कराए जाने की मांग करती रही किन्तु कोई सुनने वाला नहीं था।

### सांड के हमले से घायल बुजुर्ग ने तोड़ा दम

सेउता, सीतापुर, अमृत विचार। थानगांव थाना इलाके में छुट्टा सांड के हमले से जख्मी बुजुर्ग महिला ने 10 दिन बाद मंगलवार को दम तोड़ दिया। ग्राम वैन निवासिनी श्यामरानी (60) वर्ष पत्नी सुंदर लोधी पर एक सांड़ ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। महिला का सीएचसी से इलाज चल रहा था।

# बेकाबू बस की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत, शिक्षिका घायल

## बस के नीचे आई बाइक दूर तक रगड़ी, इफको गोदाम के सामने हुई घटना



हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस और नीचे फंसी शिक्षक की बाइक।

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार**। खैराबाद थाना इलाके में गर्मी की छुट्टियों के बाद पहली बार खुले विद्यालय जा रहे बाइक सवार शिक्षक और शिक्षिका को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई जबकि शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल शिक्षिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कंपोजिट विद्यालय बिरैचा में कार्यरत शिक्षक राजकुमार पुत्र कामता प्रसाद हुसैनगंज में किराए पर रहते थे। बताया जाता है कि क्षेत्र के चंद्र सिटी कॉलोनी में रहने वाली महिला शिक्षक वंदना पत्नी राकेश कुमार के साथ मंगलवार सुबह 8 बजे बाइक से दोनों अपने विद्यालय जा रहे थे। तभी अचानक बहराइच-बिसवां की ओर से सीतापुर आ रही बस ने इफको गोदाम के सामने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों शिक्षक बस की चपेट में आ गए। शिक्षक राजकुमार रोडवेज बस के पहिये के नीचे आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस शिक्षक को खींचती हुई काफी दूर तक ले गई। जबकि महिला शिक्षक पहिए के नीचे आने से बच गई लेकिन उनके पैर में चोट आई। हादसे के बाद दोनों शिक्षकों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर महिला शिक्षक वंदना को उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई। जबकि शिक्षक राजकुमार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सभी शिक्षकों ने इस घटना पर शोक जताते हुए शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह का कहना है कि तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार को बचाने में बस पलटी, दर्जनों मजदूर घायल



हादसे के बाद मौके पर जानकारी करते मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अफसर।

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार**। महोली कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मंगलवार को एक बाइक सवार युवक को बचाने के प्रयास में एक बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में बस में सवार कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महोली में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मंगलवार को एक प्राइवेट बस गोंडा जिले से पंजाब के लुधियाना के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर जा रही थी। बताया जाता है कि बस जैसे ही महोली क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर स्थित कारीपाकर गांव के निकट पहुंची, कि तभी एक बाइक सवार बस के सामने अचानक आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। बताया जाता है कि बस में करीब पचास मजदूर सवार थे,जो कि लुधियाना में काम करते हैं। हादसे में लगभग 15 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। हादसे की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र,सीएमओ हरपाल सिंह,महोली सीओ अरुण सिंह,तहसीलदार अनिल सिंह और प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ला मौके पर पहुंच गये थे।



दुर्घटनाग्रस्त बस। अमृत विचार

# चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद होंगे सीतापुर के नये जिलाधिकारी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव के बाद स्थानांतरण नीति लागू होते ही शासन स्तर से तबादलों का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार की देर शाम तबादला सूची जारी होते ही सीतापुर के जिलाधिकारी रहे अनुज सिंह को मुरादाबाद का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं चित्रकूट जिले की जिम्मेदारी संभाल रहे अभिषेक आनंद को सीतापुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अनुज सिंह ने 18 अप्रैल वर्ष 2022 में जिले की कमान संभाली थी। डीएम अनुज सिंह कार्यकाल के दौरान जिले में नगर पालिका चुनाव के साथ लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया था। कानून व्यवस्था के साथ राजनीतिक दबाव के बीच चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना अनुज सिंह के लिए चुनौती पूर्ण रहा है। 26 महीनों के कार्यकाल के दौरान कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठने की चुनौती हो या डॉक्टरों के रोजाना बायोमैट्रिक हाजिरी के फरमान के बाद डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे का विरोध दोनों मामलों में डीएम अनुज सिंह ने दोनों मुद्दों का हल निकाला था। वहीं चित्रकूट की कुर्सी पर बतौर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भी चित्रकूट में लम्बी पारी खेली है। जमीनी स्तर पर उतरकर विकास कार्यों को देखना और जनता से सीधा जुड़ाव के साथ ही शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण अभिषेक आनंद की पहचान है। मंगलवार देर शाम तबादला सूची आने के बाद डीएम के आवास पर लोगों की बधाइयों के सिलसिला शुरू हो गया है। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक आनंद मूल रूप से बिहार के मुंगेर के रहने वाले हैं।



अनुज सिंह।



अभिषेक आनंद।

# घर में लटकता मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, सेउता, सीतापुर

**अमृत विचार**। रेउसा थाना इलाके में एक विवाहिता ने ससुराल में बन्द कमरे में साड़ी के फंदे से छत के कुंडे से लटककर अपनी जान दे दी। विवाहिता की मौत के बाद परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

थाना थानगांव के गोलोक कोंडर के मजरा जंगल टपरी निवासी चक्कर लोध ने अपनी बेटी पूजा की शादी करीब 3 वर्ष पहले रेउसा के मूर्तपुर निवासी वीरेंद्र से की थी। बताया जाता है कि मंगलवार को विवाहिता पूजा ने बन्द कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की मौत के बाद परिजनों ने पति, सास पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पूजा के पति वीरेंद्र का कहना है कि पूजा को एक माह पूर्व बेटी हुई थी जिसकी मौत हो गई। बेटी के सदमे में पूजा मानसिक रूप से बीमार रहती थी। इस सदमे के चलते उसने कई बार अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की थी। पति ने बताया कि आज हम लोग घर पर नहीं थे, इस दौरान पूजा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाग में लटकता मिला अधेड़ का शव

**सेउता, सीतापुर, अमृत विचार**। रेउसा थाना इलाके में सोमवार देर रात एक अधेड़ का शव आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना सकरन के ऊंचगांव निवासी पपू गौतम (40) वर्षीय पुत्र दीन बन्धु का शव सोमवार की देर रात रेउसा के सोनावा निवासी दीपक के आम की बाग में लटकता मिला। पपू की पत्नी कामिनी और भाई रामनरेश ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सोनावा प्रधान महेन्द्र जायसवाल और सोनावा निवासी एक महिला पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# तीन घरों में दौड़ा करंट, युवक की मौत

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर



हादसे के बाद गांव में लगी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार**। थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में मंगलवार उस समय हड़कंप मच गया। जब गांव के बाहर स्थित तीन मकानों में तकनीकी समस्या के कारण ट्रांसफार्मर से हाईवोल्टेज करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आकर एक युवक और एक मवेशी की मौत हो गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

पिसावां थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव के बाहर स्थानीय लोगों के मकान बने हैं। बताया जा रहा है वहीं पर विद्युत सप्लाई के लिए एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। मंगलवार की दोपहर बाद अचानक बूंदाबांदी प्रारंभ हो गई। जिस वजह से जमीनी सतह पूरी तरह से गीली हो गई थी। उसी दौरान ग्रामीणों की मानें तो अचानक ट्रांसफार्मर से तकनीकी समस्याओं के कारण तेज करंट पप्पू, बभूती और घांशीराम के घरों में दौड़ गया। अचानक तेज करंट दौड़ने के कारण घरों में लगे बल्ब फट गए। साथ ही घरों में विद्युत सप्लाई से जुड़े उपकरण भी फुंक गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो स्थितियों को देखते हुए ग्रामीण पप्पू पुत्र रज्जन (32) ने उपकरणों को बंद करने के लिए जैसे ही बोर्ड को हाथ लगाया तो अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने ग्रामीणों की सहायता से उसे बरगावां स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मोबाइल नेटवर्क न आने से परेशानी

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार**। इलाके के ठाकुरनगर सहित दर्जनों गांवों में नेटवर्क की समस्या से मोबाइलधारक परेशान हैं। ठाकुरनगर निवासी विशाल पाण्डेय ने बताया किसी एक फाइल को भेजने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ता है।

दीपक त्रिवेदी ठाकुरनगर तिराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं,ने बताया कई बार नेटवर्क की समस्या की जानकारी मोबाइल कंपनियों को भी दी गईहै। नैमिषारण्य क्षेत्र के ठाकुरनगर, अरबापुर, झबरा, देवदेवेश्वर घाट, जमुनिहा, अजीजपुर सहित दर्जनों स्थानों पर नेटवर्क की समस्या है अमित, नीरज, मुकेश, विजय, राहुल, ज्ञानमूर्ति पाण्डेय, हरिशरणम पाण्डेय, अखिलेश, आदित्य, अतुल आदि इस समस्या से जूझ रहे हैं।

# किसान निधि पाने के लिए केवाइसी जरूर करा लें

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार**। देश व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने एवं जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम पंचायत पीरकपुर में बैठक आयोजित की गयी। ग्राम सचिव सोमेंद्र यादव, ग्राम प्रधान कमलेश व क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद मिश्रा ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग जिनको किसान सम्मान निधि मिल रही है वह अपनी केवाईसी अवश्य करा लें व जिनको किसान सम्मान निधि नहीं प्राप्त हुई है, वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत सरकार गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया करा रही है। आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत 6 यूनिट राशन कार्ड धारक अपना-अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं और उसका लाभ लें। ग्राम सचिव ने बताया कि 60 वर्ष पूरे कर चुके लोग पेंशन के लिए अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें। विधवा पेंशन, परिवार में मुखिया की मृत्यु होने पर पारिवारिक लाभ जो भी योजनाएं हैं उनका लाभ लें। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### दो घरों से लाखों का माल उठा ले गये चोर

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कसमंडा गांव में सोमवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोरों ने एक घर से 35 हजार रुपए नकदी, जेवरात, बर्तन सहित लगभग पांच लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया वहीं दूसरे घर से दो बकरी, एक बकरा तथा चार हजार रुपए उठा ले गए। ज्ञात हो कि कसमंडा गांव में बीती रात विकास शर्मा के घर पर पीछे से चोर चढ़कर नीचे उतर गये और कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी को खोल दिया और उसमें रखे 35 हजार रुपए नकदी, जेवरात में हार, झुमकी, नथुनी, तीन अंगूठी, सोने की सलाई, मांग वेदी, मंगलसूत्र, हार, सोने की चेन पायजेब, पायल, कटोरा, नारियल, सात सुपाड़ी चाभी गुच्छा के साथ बर्तन भी उठा ले गए। विकास ने बताया कि छह लाख का माल चोर उठा ले गए। वहीं दूसरी तरफ अमित बाल्मीकि के यहां से दो बकरी, एक बकरा तथा चार हजार रुपए चोर उड़ा ले गए। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। मौके पर पहुंच कर जांच की गई है। कार्रवाई की जाएगी।



खुली पड़ी अलमारी व बिखरा सामान।

### बिना किसी परेशानी के अब घर बैठे ही दर्ज हो जायेगी वरासत



पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण देते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय ब्लॉक सभागार में मंगलवार को वरासत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से नायब तहसीलदार अरुण कुमार व नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव ने तहसील क्षेत्र के पंचायत सहायकों को वरासत को लेकर प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पंचायत सहायकों को बताया कि मृतक के परिवारवाले ऑनलाइन आवेदन करें और उसकी रिपोर्ट लेखपाल को दे दें। जिससे कि, फरियादी को इधर–उधर भाग दौड़ न करना पड़े और न ही तहसील के चक्कर लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना है कि वरासत के लिए ग्रामीणों को कोई भी परेशानी न उठानी पड़े, इसलिए अब बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही वरासत दर्ज हो जाएगी। इस मौके पर तहसील क्षेत्र के विकास खंड परसेंडी, सकरन, बेहटा व आंशिक हरगांव के पंचायत सहायकों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह, काजल सिंह, मोहम्मद साकिब सहित ब्लॉक कर्मी उपस्थित थे।

### रोजगार देने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार



यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते डॉ. बृजबिहारी। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** आईपीएफ और दलित, पिछड़ा शोषित एकता समिति के तत्वावधान में 25 जून को डॉ. बृजबिहारी व सुनीला रावत ने अम्बेडकर पार्क से जन अधिकार यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डॉ. बृजबिहारी ने कहा कि सीतापुर गहरे आर्थिक, राजनीतिक संकट में फंसा है। यह यात्रा सीतापुर को इस संकट से निकालने में अहम भूमिका अदा करेगी। रंजीत सिंह विद्रोही ने कहा सीतापुर बेरोजगारों का जिला बनता जा रहा। जिले की इस तस्वीर को बदलना होगा और हर बेरोजगार को रोजगार देने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए। सुनीला रावत ने कहा कि सीतापुर में लाखों परिवार भूमिहीन हैं और जिले की सांख्यिकीय रिपोर्ट बताती है कि लाखों बीघा जमीन परती, बंजर खाली पड़ी है। इसे गरीबों, भूमिहीनों में बांटा जाना चाहिए। यात्रा को झंडी कवि यादवेश ने दिखाई। रंजीत सिंह विद्रोही ने बताया कि सीतापुर में सामाजिक और आर्थिक बदलाव के लिए आज सिधौली से अधिकार यात्रा शुरू हुई है। इस यात्रा का समापन 15 अगस्त को सीतापुर में होगा। सिधौली, महमूदाबाद, सेवता, बिसवां, मिश्रिख और सीतापुर विधानसभा क्षेत्र की 360 ग्राम सभाओं में 60 जिला पंचायत क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

# संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर मिला वृद्ध का शव

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार**। मंगलवार को घर के अंदर एक वृद्ध का शव मिला। घर पहुंचे मृतक के भांजे ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।



जगतपाल।

कोतवाली इलाके के फिरोजपुर गांव के बाहर बिचपरी मोड़ के पास बने घर के अंदर 75 वर्षीय वृद्ध जगत पाल का शव पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अनुज कुमार निवासी बिगहिया मास्टर बाग थाना कमलापुर ने बताया कि मामा का फोन नंबर बन्द था। कई बार मामा को फोन मिलाया जब उनसे बात नहीं हो पाई तब अनुज मामा के घर पर आया और देखा कि कमरे का दरवाजा खुला था और घर से बू आ रही थी। अंदर जाकर देखा तो मामा मृत पड़े थे। मामले की सूचना ग्राम प्रधान को दी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि वृद्ध की शादी हुई थी, लेकिन शादी होने के दो वर्ष बाद पत्नी ने मायके चल गयी थी। मृतक के परिवार में कोई नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार वृद्ध को पांच-छह दिन पहले घर से बाहर देखा गया था।

## आग लगने से तीन घरों का सामान जला

**थानगांव सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार के दोपहर को खाना बनाते समय एक घर से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पास के ही करीब तीन घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में करीब एक लाख रुपये के आसपास संपत्ति का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मामला थाना थानगांव इलाके का है। थाना थानगांव इलाके के मंगल पुरवा मजरा राजपुर क्योंटाना के रहने वाले रजनेश के घर में दोपहर को खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। आग ने राम प्रताप व बुद्ध सागर के घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

# नहर में डूबने से किशोर की मौत

संवाददाता, तम्बौर, सीतापुर

**अमृत विचार**। साथियों के साथ शारदा नहर में नहाने गये किशोर की डूबने से मौत हो गई। लोगों ने उसकी तलाश की तो कुछ दूर पर उसका शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया।

तम्बौर थाना इलाके के ग्राम नववनपुरवा मजरा गुरैला निवासी शिवम (15) पुत्र राजाराम मंगलवार की सबेरे गांव के ही अपने तीन अन्य साथियों के साथ गांव के बाहर शारदा नहर में नहाने गया। इस दौरान शिवम गहराई में चले जाने से डूब गया। साथियों की पुकार पर गांव के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। तो कुछ ही दूरी पर उसका शव मिला। जिसे नदी से निकाला गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। हल्का इंचार्ज कृष्ण दिवाकर ने बताया कि सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर गया था जहां पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं गांव के लोगों ने बताया कि राजाराम लखीमपुर में किराए पर रहकर अपना जीवन यापन करता था। शिवम वहीं लखीमपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार की सुबह ही परिवार गांव आया था। सबेरे करीब 11 बजे वह गांव के ही दोस्तों के साथ नदी किनारे निकल गया। शिवम तैराकी नहीं जानता था। डूबने से उसकी मौत हो गई।

### पेड़ से गिरकर किशोर की मौत

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके के ठाकुरनगर में जामुन के पेड़ से गिरकर एक किशोर की मौत हो गई। नैमिषारण्य थाना इलाके के ठाकुरनगर निवासी मोहित (13) पुत्र विनोद घर से 100 मीटर की दूरी पर जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। पैर फिसलने से वह नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहित घर में 4 भाइयों में सबसे बड़ा था। जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल लक्ष्मीकांत शुक्ला मौके पर जांच करने पहुंचे।

**आक्रोश** संचारी रोग अभियान के संबंध में सीएचसी अधीक्षक ने की बैठक

# धूप में आशा बहुओं के साथ की गयी बैठक

संवाददाता, सेउता, सीतापुर

**अमृत विचार**। विकासखंड रेउसा में भीषण गर्मी के बीच आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक पर मीटिंग के बाद सौतेला व्यवहार करने और लापरवाही का आरोप लगाया है। यहां सीएचसी में बने मीटिंग हॉल के बावजूद सीएचसी अधीक्षक ने खुले आसमान के नीचे परिसर में ही आशा बहुओं के साथ संचारी रोग अभियान के सम्बन्ध में मीटिंग की। चिलचिलाती धूप के बीच सीएचसी अधीक्षक के रवैये से आशा बहुओं ने काफी नाराजगी जाहिर की है।

सीएचसी पर मीटिंग की सूचना पर पहुंची आशा मंदाकिनी, रीना, रीता, अशोक कुमारी, लक्ष्मी, लज्जावती, ज्ञानवती, शांति, किरन, रूचि, शांति, सुमन मंजू, आदि दर्जनों आशाओं ने बताया कि संचारी रोग, दस्तक, समूह आईडी अभियान की मीटिंग मंगलवार सुबह करीब 10 से होनी थी। जिसको लेकर सभी को पहले ब्लॉक परिसर में बुलाया गया। आरोप है कि सूचना के बावजूद ब्लॉक पर कोई भी स्वास्थ्य विभाग का जिम्मेदार 11 बजे तक ब्लॉक पर नहीं पहुंचा, जिससे आशाओं को धूप में इंतजार करना पड़ा। आशा बहुओं का कहना है कि उसके पश्चात सभी को सीएचसी में बुलाया गया। यहां पर भी एक घण्टे इंतजार करना पड़ा। फिर आशाओं को सीएचसी अधीक्षक अनंत मिश्र, बीसी पीएम रज्जन विश्वास दोनो ने चिलचिलाती धूप में खडे कर करीब एक घण्टे तक मीटिंग ली।आशाओं ने बताया कि मीटिंग हाल सीएचसी में बना है, इसके अलावा नवनिर्मित लैब की बिल्डिंग भी खाली पड़ी थी। बावजूद इसके आशाओं को धूप में खड़े कर संचारी रोग अभियान की जानकारी दी गई। वहीं सीएचसी अधीक्षक अनंत मिश्र ने बताया कि ब्लॉक में सभागार और अस्पताल में भी मीटिंग हाल खाली नहीं था। इसमें सौतेले व्यवहार जैसी कोई बात नहीं है।



सीएचसी रेउसा में मीटिंग के दौरान धूप में खड़ीं आशा बहुएं। अमृत विचार

# एसडीएम की मदद से खिल उठे दिव्यांगों के चेहरे



दिव्यांगों को खाद्य सामग्री वितरित करतीं एसडीएम शिखा शुक्ला।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार**। तहसील परिसर के अंदर स्थित सभागार में एसडीएम शिखा शुक्ला की अगुवाई में करीब 22 से भी अधिक दिव्यांगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। खाद्य सामग्री में 35 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, 3 किलो दाल, 3 किलो सरसों का तेल , चीनी, धनिया, मिर्च, नमक, चायपत्ती, गेहूं आदि वितरित की गयी। सामान एसडीएम ने खुद के खर्च से वितरित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, कानूनगो इमरान अहमद, लेखपाल संघ अध्यक्ष ललित सिंह सहित अन्य राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लड़की भगाने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**इटियाथोक, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक महिला ने उसकी बेटी को अज्ञात लोगों द्वारा भगाने का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगाया है कि 21 मई को उसकी बेटी घर से बुआ के यहां गई थी। बेटी को भगाने में उसकी ननद का हाथ है। इसके अलावा ग्राम प्रधान दशरथ प्रसाद राजभर का घर बूटीपुरवा में है। पूछने पर प्रधान ने बताया कि तुम्हारी बेटी की शादी हम लोगों ने करवा दी है। कुछ दिन बाद तुम्हारी लड़की से मिलवा देंगे। पुलिस ने आरोपी प्रधान दशरथ प्रसाद राजभर, निरहा देवी व अज्ञात युवक के खिलाफ पुत्री को भगाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### दवा खिलाकर गर्भपात कराने का लगाया आरोप

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने प्रेमी पर दवा खिला कर गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। महिला का पड़ोसी से प्रेमप्रसंग चल रहा था प्रेमी महिला के साथ शारिरिक संबंध बनाता रहा। महिला के गर्भवती होने पर उसे दवा खिला कर गर्भपात करा दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दिलीप पासवान पर भ्रूण हत्या का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शांति भंग की आशंका में छह गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पुलिस ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के छह लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद करते हुए कोर्ट भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया सियाराम मौर्य निवासी निवासी सैर थाना रामपुर कला सीतापुर सोनार देवी पत्नी रामविलास, पूजा पुत्री धनीराम, लहरी निवासीगण बनर बगिया परसहान को शांतिभंग की आशंका में पाबंद कर न्यायालय भेज दिया।

# भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनायी आपातकाल की 50वीं बरसी

## झूठ का प्रचार करते हुए राजनीति कर रही कांग्रेसः राजेश

संवाददाता, सीतापुर



हाथ में कांग्रेस विरोधी पोस्टर लेकर आपातकाल की बरसी मनाते भाजापा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय पर आपातकाल की 50वीं बरसी काला दिवस के रूप में मनायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध प्रांत कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकतंत्र संग्राम सेनानियों ने आपातकाल के दौरान कांग्रेस की इंदिरा सरकार द्वारा दी गई यातनाओं और अपने संघर्षों के विषय में बताया।

जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेसके युवराज संविधान की प्रति लेकर घूम रहे हैं। वह यह क्यों भूल जाते हैं कि उनकी दादी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराते हुए किस तरह लोकतंत्र की गला घोंट कर हत्या की थी और तत्कालीन राष्ट्रपति से आपातकाल की घोषणा कराकर भारत कोआंतरिक गुलाम बनाने का कुत्सित प्रयास किया था। भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतंत्र और संविधान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। मुख्य अतिथि अवध प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि देश में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने यह साबित कर दिया था कि उसका लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है ऐसे में देश के सामाजिक व राष्ट्रभक्त लोगों ने लोकतंत्र के लिए कांग्रेस से युद्ध लड़ा था। हालांकि कांग्रेस ने लोकतंत्र के इस युद्ध को लड़ रहे लोकतंत्र संग्राम सेनानियों को कठोर यातनाएं दीं, लेकिन भारत मां के सपूतों ने कांग्रेस के अहंकार को नष्ट कर दिया और 1977 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस को धूल चटा दी थी और लोकतंत्र व संविधान पुनः भारत माता का गौरव बन कर स्थापित हुए थे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा रामकुमार वर्मा, सोहन लाल कश्यप, शिव कुमार खेतान, रामसेवक यादव, बसंत कुमार शर्मा, राधेलाल बाजपेई, राजेश चन्द्र अवस्थी, विष्णु कुमार अवस्थी, वेदनाथ वर्मा , उमाशंकर वर्मा आदि लोकतंत्र संग्राम सेनानियों को अंग वस्त्र पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी व समस्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

### बिना काम धनराशि निकालने का आरोप, की शिकायत

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। सकरन ग्राम पंचायत में बगैर काम के नाली निर्माण के नाम पर निकाली गयी पांच लाख की धनराशि ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में वर्ष 2023-24 में नाली व विद्यालय की बाउन्ड्रीवाल निर्माण के नाम पर पांच लाख की धनराशि दो फर्मों के नाम पर निकाल ली गयी। ग्राम पंचायत में प्राइमरी स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण के नाम पर जायसवाल ट्रेडर्स फर्म को 25064, 41802 रुपयों का भुगतान किया, दिखाया गया। इसके अलावा टेकई के घर से अशर्फी के घर तक नाली निर्माण के नाम पर 25064, ओम जी के घर से हरगोविन्द के घर तक नाली निर्माण के नाम पर समर इंटर प्राइजेज को भुगतान किया गया। ग्रामीण रामचन्द्र यादव, अजय कुमार,आदि ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

# हैंडपंप खराब होने से लोग परेशान

रामपुर मथुरा, सीतापुर




सामुदायिक शौचालय के पास खराब इंडिया मार्का हैंड पंप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम में हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर प्रधान व सचिव पर लाखों रुपये निकालने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हैं। इस मामले में डीपीआरओ ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

हैंडपंप रीबोर व मरम्मत के नाम पर वर्ष 2022 से जून 2025 तक 5,68, 764 रुपए खर्च किए गए। पांचवें वित्त से 2022-23 में 84,140 रुपए तथा 2023- 24 में 1,34,600 रुपए तथा 15 वित से 1,44,684 रुपए तथा 2024- 25 में 2,05,340 रुपए खर्च किए जो विभिन्न फर्मो से निकाले गए हैं। मजरा खुर्द में सामुदायिक शौचालय के पास लगा हैंडपंप ग्रामीणों के अनुसार काफी दिनों से खराब पड़ा है वही सामुदायिक शौचालय भी बंद पड़ा है। रामबरन के दरवाजे पर लगा हैंडपंप 6 माह से खराब है। मजरा मेडिहा में चार हैंडपंप है जिसमें दो खराब पड़े हुए हैं। सुरेश ने बताया कि मेरे दरवाजे पर हैंडपंप 1 वर्ष पूर्व रिबोर हुआ था एक माह चला फिर खराब हो गया। वहीं देवस्थान पर भी रिबोर हुआ था जिसमें हत्था, चेन, सरिया, सब गायब है। मोहम्मदपुर कदीम में खलील के दरवाजे पर लगा हैंडपंप रीबोर हुआ था जैतूना ने बताया कि सात पाइप निकाले गए थे जो ठीक थे वही चार पाइप डाल दिए गए हैं जोकि साफ पानी नहीं देते हैं पानी भी काफी देर से निकलता है। प्रधान श्रवण कुमार से बात की गई तो बताया कि उनके कार्यकाल में अभी तक कुल 7 या 8 हैंड पंप रिबोर कराए गए हैं सब सही चल रहे हैं। वही सेक्रेटरी संजीव कुमार गुप्ता से बात की गई तो वह इधर-उधर की बात करके टालते रहे। जब इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार से बात की गई तो बताया कि जांच करवा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### स्कूल का ताला तोड़ लाखों की निर्माण सामग्री चोरी

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे हांडा स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे दत्ता का ताला तोड़कर अज्ञात चोर स्कूल के कमरे में रखी लाखों रुपये की निर्माण सामग्री उठा ले गए। गांव के प्रधान पति ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। ग्राम पंचायत पूरे हांडा के प्रधान पति सत्यनारायण सिंह ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय पूरे दत्ता में दिव्यांग शौचालय एवं बालक बालिका शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए निर्माण सामग्री स्कूल के कमरे में रखी गयी थी। सोमवार की रात चोर स्कूल से 21 बोरी सीमेंट, टाइल्स 15 बॉक्स, टाइल्स आदि उठा ले गए।



सामुदायिक शौचालय बेलसर की साफ-सफाई करता कर्मचारी। अमृत विचार

### खुल गया सामुदायिक शौचालय का ताला

**संवाददाता, बेलसर, अमृत विचार :** अमृत विचार में छपी खबर का असर हुआ और सामुदायिक शौचालय का ताला मंगलवार को खुल गया। संचालन ग्राम पंचायत बेलसर से किया जा रहा था। नगर पंचायत गठन के बाद इसका संचालन बंद हो गया था जिससे ब्लॉक, सीएचसी सहित बाजार आने जाने वाली महिलाओं सहित अन्य लोगों को दिक्कत हो रही थी। अमृत विचार ने रविवार के अंक में हैंडओवर नहीं हुआ सामुदायिक शौचालय शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने खबर का संज्ञान लिया। सोमवार को शौचालय का ताला खुल गया साफ सफाई शुरू कराई गई। ईओ अनुराग शुक्ल ने कहा कि जरूरी सामग्री खरीद की गई है। जल्द संचालन किसी संस्था को दे दिया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में सभी शौचालय की स्थिति ठीक कराई जाएगी।

# सड़क पर जलभराव से राहगीर परेशान

संवाददाता, पहला सीतापुर



सड़क पर भरा पानी।

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवंतपुर रेवाली के ग्राम भगवंतपुर में नालियों का निर्माण नही करवाया गया जिससे गांव के मुख्य मार्ग पर पानी के निकास न होने के चलते सड़क ने तालाब का रूप ले लिया है और इस सड़क से ईश्वरावारा रेवाली हीरापुर समेत दर्जनों गांवों के लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है। प्रधान के कानो में जूं नहीं रेंगी है जिससे ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रही सड़क भी काफी समय से पानी भरे होने के कारण अधूरी पड़ी है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### क्षतिग्रस्त नालियों को दुरुस्त कराने की मांग

**संवाददाता, मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद विकासखंड की ग्रामसभा भेमरी के गांव गणेशपुर में नालियां काफी समय से क्षतिग्रस्त हैं। इस वजह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता है। ऐसे में गांववालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि से शिकायत की, तो कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। गांववालों ने क्षतिग्रस्त नालियों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## युवती से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**इटियाथोक, अमृत विचारः** युवती से छेड़छाड़ व धमकी देने के आरोप में तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने आरोप लगाया कि वह शनिवार को मां के साथ शौच जा रही थी। रास्ते में फूलन निवासी बसंतपुर राजा व राकेश निवासी भवनियापुर कला के साथ बाइक लेकर खड़े थे। रास्ते में फूलन ने उसका मुंह दबाकर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर दोनों वहां से भाग खड़े हुए। इसकी शिकायत फूलन के रिश्तेदार अजय वर्मा से की तो वह धमकाने लगे। पुलिस ने आरोपी अजय वर्मा फूलन व राकेश के खिलाफ धमकी व छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सीएचसी सांडा में लगे वाटर कूलर नहीं दे रहे पानी

संवाददाता, सांडा, सीतापुर



पानी निकालने का प्रयास करता युवक।

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा में मरीजों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में दो वाटर कूलर लगाए गए हैं। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते अस्पताल में लगे वाटर कूलर पानी नहीं दे रहे हैं।

अस्पताल आए क्षेत्रीय गांव के मरीज रामेश्वर दयाल, सरिता देवी, शांति देवी, सरोज शिवराम, रामप्रकाश, दिनेश, राजाराम, संतराम, सर्वेश, राजकुमार, रामलाल, दीनदयाल, राजू, कल्लू, रामचंद्र, अजय, दिवाकर, रामनरेश, गीता देवी, कमलेश आदि ने बताया कि वह अस्पताल में दवा लेने के लिए आए हैं। तेज गर्मी के चलते प्यास लगने पर जब वह अस्पताल में लगे वाटर कूलर से ठंडा पानी लेने गए तो पानी नहीं निकला। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल सचान ने कहा कि मरीजों को वाटर कूलर से जल्द शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।



करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग पर चल रहा काम। अमृत विचार

### 12 घंटे बंद रहेगी करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** गोंडा-बुढ़वल रेलखंड के तीसरी लाइन निर्माण के चलते बुधवार की सुबह आठ बजे से सायं 6 बजे तक करनैलगंज रेलवे स्टेशन के समीप स्थित समपार फाटक संख्या 282 स्पेशल बंद रहेगा। जानकारी देते हुए आईओडब्ल्यू निर्माण करनैलगंज अवधेश सिंह ने बताया कि 26 जून दिन बुधवार को करनैलगंज-हुजूरपुर बहराइच मार्ग स्थित समपार फाटक के पास रेलवे ट्रैक को बिछाने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उक्त समपार फाटक को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बंद रखा जाएगा। इस बाबत रेलवे के मुख्य इंजीनियर ने ट्रैफिक डायवर्जन व सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए रेलवे, डीएम गोंडा सहित पुलिस के अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है।

## संचारी रोग से संक्रमित की होगी पहचान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मलेरिया, डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कार्य योजना तैयार कर ली है। स्वास्थ्य विभाग ने नोडल अधिकारी नामित कर दिया। स्वास्थ्य, शिक्षा व पंचायती राज समेत कई विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाएंगे। पहले पखवाड़ा में संचारी रोग नियंत्रण व दूसरे में दस्तक अभियान चलाकर इन रोगों को नियंत्रित किया जाएगा। जिले के 16 विकास खंडों में संक्रमित एरिया की पहचान की जाएगी। संक्रमित क्षेत्रों में मरीज मिलते हैं। हर मरीज व संभावित व्यक्ति को चिह्नित किया जाएगा।

# कैप्टन मनोज पांडेय की मनाई जयंती



कार्यक्रम में मौजूद कर्नल, सूबेदार व एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

संवाददाता, कमलापुर सीतापुर

**अमृत विचार।** परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडे की जयंती उनके पैतृक गांव रूढ़ा में मनाई गई। मुख्य अतिथि शिवकुमार गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं लाल विक्रम सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने कैप्टन मनोज पांडे की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उसके बाद 22 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने देश भक्ति गीत, नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। इस अवसर पर कर्नल गौरव सिंघल, सूबेदार मेजर मनोज कुमार, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, पीआई स्टाफ 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर, प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह उपनिरीक्षक रमेश चंद्र जायसवाल अनिल कुमार सहित पुलिस बल, नीतू सिंह, परिवार के सदस्य कौशल चंद्र पांडे, आरडी वर्मा, आशुतोष मिश्रा मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमित पांडेय रमा, सत्य प्रकाश सिंह, नीतू पांडे, जयशंकर पांडे, आदर्श पांडेय व सत्यवान पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज पुलिस ने जानलेवा हमले समेत विभिन्न अपराधों के आरोपी राजन सिंह निवासी काशीपुर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि राघवेंद्र सिंह निवासी रामपुर खरहंटा ने पुरानी रंजिश को लेकर अयोध्या गोण्डा मार्ग पर 3 जून को दर्जी कुआं के पास स्थित स्कूल के पास आधा दर्जन लोगों ने उनके स्कॉर्पियो को रोककर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में नामजद केस दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी राजन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**इटियाथोक, अमृत विचार :** भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। ग्राम विनौहनी के शेष नारायण ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि बीते 50 वर्ष से गाटा संख्या 412 पर उसके पूर्वजों ने पेड़ व नल लगा रखा है। गांव के ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामफेर वर्मा पर उक्त भूमि पर लेखपाल दानिश अली से सांठगांठ कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। 24 जून को प्रधान प्रतिनिधि रामफेर वर्मा जेसीबी लेकर आए और उक्त भूमि को खुदवाने लगे। जब विरोध किया तो गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पत्र में आरोप लगाया गया है घटना की सूचना थाने पर दी गई ।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### मारपीट करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के खैरम ललौवा बिरवा गांव निवासी गुल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि इसी प्रकार से 14 साल पहले अपहरण की हुई घटना में न्यायालय वांछित चल रहे पैड़ीबरा बच्चा पुरवा गांव निवासी राजेंद्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

### बैठक में ग्राम चौपाल पर की चर्चा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के पंचायत सचिवों की बैठक खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यों तथा आगामी दो जुलाई को ब्लॉक की पांच ग्राम पंचायतों में जिलाधिकारी द्वारा आयोजित होने वाली चौपाल की तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल की। एडीओ आइएसबी आजम खान, एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ एजी रामवीर सिंह, एडीओ एसटी रोशन लाल, पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, अमरजीत, राजेश चौधरी, गरिमा यादव, राधे रमण प्रजापति, शबाना प्रवीण आदि लोग उपस्थित रहे।

### करंट लगने से दुकानदार की गई जान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार स्थित चाय दुकान में रखे पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर दुकानदार जगत नरायन उम्र 52 वर्ष निवासी नंदा पुरवा काशीपुर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार सुबह वे दुकान पर काम कर रहे थे। गर्मी लगने पर उन्होंने पंखे को घुमाने के लिये जैसे पकड़ा तो अचेत होकर गिर गए जिन्हें आननफानन में सीएचसी तरबगंज ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अरुण कुमार ने बताया कि उनके पिता महराजगंज बाजार में चाय समोसे की दुकान चलाते थे जहां ये हादसा हो गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**निर्देश** — बैंकर्स की जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक, केसीसी के लम्बित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण

# शिक्षा ऋण के आवेदकों को शीघ्र लाभान्वित करें बैंक : डीएम

संवाददाता, सीतापुर



सभागार में बैंक अधिकारियों को निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैंकों के माध्यम से संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि लम्बित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करायें। निर्धारित लक्ष्य से कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को सुधार हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को कड़े निर्देश दिये कि केसीसी कार्डधारकों को फसल बीमा योजना के विषय में जानकारी प्रदान की जाये एवं उन्हें प्रेरित भी किया जाये। पशुपालन केसीसी हेतु गुणवत्तापूर्ण आवेदन अग्रसारित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी बैंक शिक्षा ऋण के आवेदकों को शीघ्र लाभान्वित करें, जिससे जनपद के प्रतिभाशाली छात्र आगे बढ़ सकें।

किसान क्रेडिट कार्ड के लम्बित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। मत्स्य पट्टा धारकों की ब्लॉक स्तर पर बैठक कराते हुए उन्हें मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित किये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और बैंकर्स को निर्देश दिये कि पीएम-स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के साथ बैठक कर उन्हें ऑनलाइन पेमेंट प्राप्त करने के विषय में जानकारी देने के निर्देश दिये । एफपीओ के माध्यम से कृषि वेयर हाउस एवं समूह मशीनरी बैंक हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने व पौधरोपण अभियान में सहयोग हेतु भी सभी बैंकर्स को प्रेरित किया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, एलडीओ आरबीआई संदीप मिश्र, डीडीएम नाबार्ड प्रसून सोनर, जिला कृषि अधिकारी मंजीत सिंह, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर विकास खण्ड हरगाँव, सीतापुर**

पत्रांकः मेमो/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/निविदा/2024-2025 दिनांकः 25.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत निर्माण सामग्री विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ वित्त, चौदहवां वित्त, 15वां वित्त, मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर आवन्टित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्य योजना वर्ष 2024-25 की निम्नलिखित परियोजना में प्रयुक्त सामग्री हेतु टेण्डर फार्म पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदायें टेण्डर दिनाँक 26.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय से प्राप्त कर व भरकर पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनाँक- 03.07.2024 अपरान्ह 4 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | सामग्री का नाम | सामग्री की कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य। | 263616.00 | ईट I, ईटा रोड़ा, सीमेन्ट, बालू, सरिया, गिट्टी, पेन्ट, प्लंबरिंग, टायल्स, बिजली फीटिंग आदि। | 227644.00 |

प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने पर आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति के सम्बन्ध में अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान के पूर्व सामग्री के बिल से सभी देय करों की कटौती नियमानुसार की जायेगी। सामग्री की पी0डब्लू0डी0 के अनुरूप ही प्रकलन में प्रविधानित है।

ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर
वि0ख0- हरगांव, सीतापुर

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर
वि0ख0- हरगांव, सीतापुर

